RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः48 , बुधवार, 01 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8

9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


पर्सा प्रशासन में 'एकल खिड़की प्रणाली' की तैयारी, सेवाग्रहियों की परेशानी होगी कम 03


अहिंसा परमो धर्म' के जयघोष के साथ निकली भव्य शोभायात्रा 04

इवेंट में कृति सेनन के बोल्ड अंदाज ने खींचा सबका ध्यान 07

संक्षिप्त समाचार

## जंग की आंच, दूध-किराना-इलाज महंगे होंगे

### रोजमर्रा के सामान के दाम बढ़ाने की तैयारी, कॉमर्शियल एलपीजी की कमी से हजारों प्लास्टिक यूनिट बंद




**नई दिल्ली/मुंबई/भोपाल (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने कंपनियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। कच्चे तेल और अन्य कच्चे माल की कीमतें बढ़ने से लागत बढ़ रही है और कंपनियां दाम बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। इससे बोतलबंद पानी, नमक, तेल जैसी रोजमर्रा की चीजें, एसी, फ्रिज जैसे कंज्यूमर ड्यूरेबल से लेकर नॉन-सर्जिकल मेडिकल आइटम के दाम बढ़ सकते हैं।

वजह यह है कि इस जंग ने प्लास्टिक उद्योग की रीढ़ तोड़ दी है। बीते 30 दिनों में कच्चे माल के दाम 50-70 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा उपयोग में आने वाले प्लास्टिक दाने एलडीपीई के दाम 110 रु/ किलो से 180 रुपए तक पहुंच गए हैं। अन्य पॉलीमर और रॉ मटेरियल भी 30 हजार से 70 हजार रुपए प्रति टन तक वृद्धि हुई है। ऐसे में अप्रैल में प्लास्टिक की कीमतें 50-60 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं। प्लास्टिक टंकी व कंटेनर के दाम 30-40 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है।

## श्री दरबार साहिब में नतमस्तक हुईं प्रियंका चोपड़ा

● लंगर घर में की बर्तन धोने की सेवा



**अमृतसर (एजेंसी)।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आज पंजाब पहुंची। इस दौरान वह अमृतसर में सचखंड श्री दरबार साहिब में नतमस्तक हुई। उन्होंने गुरुघर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने पूरी सादगी के साथ दर्शन किए और गुरु घर में कुछ समय बिताया। उन्होंने सभी के कल्याण की अरदास की। दर्शन करने के बाद प्रियंका चोपड़ा ने आम जनता की तरह लंगर घर में बर्तन धोने की सेवा भी की। इसके साथ ही उन्होंने कई छोटे-मोटे कार्यों में सहयोग किया। एक्ट्रेस की सादगी और विनम्रता की हर जगह चर्चा हो रही है। इस दौरान श्री दरबार साहिब पहुंची संगतों ने उनकी सेवा भावना की तारीफ की।

## बेंगलुरु में आईबीएम की टेक कर्मी ने 17वीं मंजिल से कूदकर दी जान

● बंद कमरे में बॉयफ्रेंड का शव मिलने के बाद उठाया कदम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के कोथनूर इलाके में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक टेक कर्मी ने 17वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। उसने यह कदम तब उठाया जब उसके पार्टनर का शव एक बंद कमरे में पाया गया।

**शव देख 17वीं मंजिल से कूदी शाजिया-** घबराकर उन्होंने अपार्टमेंट की सिक्योरिटी और पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी।

# दिल्ली-मुंबई की तर्ज पर अब 24 घंटे जागेगी 'पिंक सिटी'

● 'नाईट लाइफ' पर आ गई खुशखबरी, यह शर्तें और नियम हैं

**जयपुर (एजेंसी)।** क्या आपने कभी सोचा है कि रात के 2 बजे आपको जयपुर के जौहरी बाजार में गर्मागर्म कचौरी मिले या फिर एमआई रोड पर कोई आलीशान मॉल आपके स्वागत के लिए खुला हो? जी हां, जयपुर की रातों की खामोशी अब टूटने वाली है। राजस्थान सरकार ने 'पिंक सिटी' को कभी न सोने वाला शहर बनाने की तैयारी पूरी कर ली है। श्रम विभाग के नए मसौदे के साथ अब जयपुर की 'नाइट लाइफ' को नया पंख मिलने वाला है।

**नींद को कहिए बाय-बाय, अब तो पार्टी शुरू हुई है!-** जयपुर अब केवल किलों और महलों का शहर नहीं रहेगा, बल्कि यह दुबई और मुंबई की तर्ज पर 24 घंटे गुलजार रहने वाला नाइट टूरिज्म डेस्टिनेशन बनेगा। बजट 2026-27 की घोषणा के बाद, अब जयपुर संभाग के जयपुर, चौमूं, कोटपूतली और शाहपुरा जैसे इलाकों में बाजार, रेस्त्रां और शॉपिंग सेंटर दिन-रात खुले रहेंगे। पर्यटकों के लिए यह किसी सपने से कम नहीं होगा। आमेर के महलों की रोशनी देखने के बाद अब आपको खाने या शॉपिंग के लिए घड़ी देखने की जरूरत नहीं होगी।



### नौकरी और नोटों की होगी बारिश

यह फैसला केवल मजे के लिए नहीं, बल्कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में 'बूस्टर' का काम करेगा। जब बाजार 24 घंटे खुलेंगे, तो दुकानों और शोरूम्स में 'नाइट शिफ्ट' के लिए अतिरिक्त स्टाफ की जरूरत होगी। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। आजीवन रजिस्ट्रेशन की नई व्यवस्था से अब दुकानदारों को लाइसेंस के लिए बाबुओं के चक्कर नहीं काटने होंगे। 10 से कम कर्मचारी वाले छोटे ढाबों और दुकानों को रजिस्ट्रेशन में विशेष छूट मिलेगी, जिससे शहर के कोने-कोने में सुविधाएं मिलेंगी।

### इन शहरों में अब 24 घंटे खुलेंगे बाजार

राजस्थान सरकार के नए फैसले के तहत पहले चरण में प्रदेश के दो प्रमुख संभागों के महत्वपूर्ण शहरों में 24 घंटे बाजार खोलने की अनुमति दी गई है। जयपुर संभाग में राजधानी जयपुर सहित चौमूं, कोटपूतली, अलवर, भिवाड़ी, सीकर, झुंझुनूं और टोंक जैसे 32 शहरों को शामिल किया गया है, वहीं जोधपुर संभाग में जोधपुर शहर के साथ फलोदी, पाली, जालोर, सिरोही, नागौर, बाड़मेर और जैसलमेर जैसे 26 प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में अब रात भर रौनक रहेगी।

### कामगारों के लिए रखी गई ये शर्तें

सरकार ने नाइट लाइफ को बढ़ावा देने के साथ-साथ कर्मचारियों के अधिकारों का भी ख्याल रखा है। नियोक्ताओं के लिए कुछ सख्त शर्तें हैं-

● **शिफ्ट की लिमिट:** किसी भी कर्मचारी से दिन में 10 घंटे से ज्यादा काम नहीं लिया जा सकेगा।

● **वीकली ऑफ:** सप्ताह में एक दिन सवैतनिक अवकाश देना अनिवार्य होगा। ● **सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:** रात में पुलिसिंग और सुरक्षा को लेकर सरकार विशेष योजना बना रही है ताकि आधी रात को भी लोग बेखौफ होकर घूम सकें।

नालंदा के शीतला माता मंदिर में बड़ा हादसा

# भगदड़ में 9 की मौत

● इनमें 8 महिलाएं, राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2500 जवान, 10 हजार श्रद्धालुओं के लिए कोई नहीं





**पटना/नालंदा (एजेंसी)।** बिहार में नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। 8 महिलाओं की भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक पुरुष ने अस्पताल में दम तोड़ा।

चैत्र महीने के आखिरी मंगलवार को शीतला अष्टमी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में पहुंचे थे। वहां मेला भी लगा था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन करने की जल्दी में धक्का-मुक्की मच गई। अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद मंदिर और मेला को बंद करवा दिया है।

मंगलवार को नालंदा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति शामिल हुईं। उनकी सुरक्षा में 8 जिलों के 2500 जवानों को लगाया गया था, जबकि मंदिर में जुटी 10 हजार की भीड़ के लिए एक भी पुलिस वाले की तैनाती नहीं थी।

### एसएचओ राजमणि को सस्पेंड किया

हादसे के बाद पटना कमिश्नर को बिहार शरीफ भेजा गया है। सीएम ने मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए हैं। दीपनगर थाने के एसएचओ राजमणि को सस्पेंड कर दिया गया है।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मृतकों के आश्रितों को 2 लाख मुआवजे का ऐलान

बिहार के नालंदा में एक मंदिर में हुई भगदड़ में अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं सभी शोकाकुल परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। घायल हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की मैं कामना करती हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के नालंदा के शीतला माता मंदिर हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने इसमें जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने इस भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा भी की।

● **मृतकों के परिजनों को 6 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा-** सरकार ने मृतकों के आश्रितों को 6 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। वही केंद्र सरकार ने 2 लाख के मुआवजे की घोषणा की है।

## सूरत की बिल्डिंग में आग, 5 की मौत



**सूरत (एजेंसी)।** गुजरात के सूरत में एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था। इससे घर में पैदल चलने तक की जगह नहीं बची थी। इसी के चलते आग इतनी तेजी से भड़की कि किसी को बचने का मौका नहीं मिला।

● असम में भाजपा का संकल्प पत्र जारी


# वादा- लव जिहाद पर एक्शन लेंगे

● बांग्लादेशी मुस्लिमों की कब्जाई जमीन वापस लेंगे




**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम/गुवाहाटी/कोलकाता/चेन्नई (एजेंसी)।** भाजपा ने मंगलवार सुबह असम के लिए मेनिफेस्टो (संकल्प पत्र) जारी किया। इसमें लव जिहाद पर एक्शन, घुसपैठियों से कब्जाई जमीन वापस लेने, राज्य में यूसीसी लागू करने, युवाओं को 5 साल में 2 लाख नौकरियां देने का वादा किया है। पत्र में कुल 31 वादे किए गए हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए अरुनोदोई योजना के तहत हर महीने मिलने वाली राशि 1250 से बढ़ाकर 3 हजार करने का वादा किया है। लखपति दीदी योजना के तहत 40 लाख महिलाओं को 25,000 तक की सहायता देने की भी योजना का ऐलान किया है।

### लिएंडर पेस भाजपा में शामिल, बोले- अब सेवा का वक्त



पूर्व दिग्गज टेनिस स्टार लिएंडर पेस मंगलवार को भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने कहा- यह मेरे लिए खेल और युवाओं की सेवा करने का एक बड़ा मौका है। मैंने 40 साल तक देश के लिए खेला, अब युवाओं की सेवा करने का समय आ गया है। वहीं किरेन रिजिजू बोले- उम्मीद है लिएंडर पेस बड़ी पारी खेलेंगे।

## केरल में कांग्रेस का चुनाव प्रचार

● राहुल गांधी बोले- सीपीएम अब वामपंथी नहीं; अदाणी का नाम लेकर भाजपा पर भी बरसे



**कन्नूर (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। राहुल गांधी केरल के कन्नूर में रैली संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह लड़ाई वाम मोर्चा (सीपीएम) की विचारधारा, यूडीएफ की विचारधारा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की बीच है।

**सबरीमाला के बारे में क्यों नहीं बोलते-** इसके साथ ही उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, जब हिंदू धर्म के तथाकथित रक्षक (प्रधानमंत्री) केरल आते हैं, तो सबरीमाला के बारे में कुछ नहीं कहते। उन्होंने कहा भाजपा मुख्यमंत्री (पिनारयी विजयन) का समर्थन कैसे कर रही है? पहली बात तो यह है कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, मंदिरों, धर्म और देवी-देवताओं की बात करते हैं। लेकिन जब वे केरल आते हैं, तो सबरीमाला मंदिर मुद्दा नहीं उठाते।

# गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

● 'मेड इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' का मंत्र देकर, आत्मनिर्भरता पर जोर दिया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन कर भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर जोर दिया और इंजीनियरों से बातचीत की। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 14 महीनों में उत्पादन शुरू होने को बड़ी उपलब्धि बताया और इस साल चार प्लांट शुरू करने का लक्ष्य रखा। यह देश का दूसरा ऐसा प्लांट है। उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने प्लांट का जायजा लिया।

### सेमिकंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा भारत

अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि पिछले महीने के अंतिम दिन भी मैं साणंद में था और इस महीने के अंतिम दिन भी मैं साणंद में हूं। यह केवल संयोग नहीं है बल्कि यह संकेत देता है कि भारत कितनी तेज गति से सेमिकंडक्टर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

### एक नया सेतु स्थापित हुआ

पीएम ने कहा कि साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां निर्मित उत्पादों का बड़ा हिस्सा निर्यात के लिए पहले ही बुक हो चुका है, जिससे मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का संदेश वैश्विक स्तर पर गूंजेगा।

## मुजफ्फरनगर में घर में मिले दंपत्ति व दो बच्चों के शव

● फंदे पर लटका था पति, पत्नी फर्श पर

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सरवट इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव घर में मिले। एक कमरे में पत्नी और दो बच्चों के शव थे, तो वहीं पति का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

स्थानीय पुलिस के अनुसार, सरवट निवासी इरशाद (32) पेंटर का काम करता था। मंगलवार सुबह उसका परिवार सोकर नहीं उठा और न ही उनके मकान का दरवाजा खुला। इरशाद के भाई नौशाद ने जब आकर देखा तो कमरे का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए।

# ईरान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर टोल लगाएगा

● संसदीय समिति की मंजूरी, नेतन्याहू बोले- जंग कब खत्म होगी, नहीं बता सकता





**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर टोल लगाने का फैसला किया। ईरानी संसद की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्लान के तहत जहाज ईरान को उसकी राष्ट्रीय मुद्रा रियाल में टोल देंगे। इसका अलावा प्लान में अमेरिका और इजराइल से जुड़े जहाजों की एंट्री पर रोक लगाने का प्रावधान भी शामिल है। होर्मुज स्ट्रेट वैश्विक तेल सप्लाई का अहम मार्ग है, ऐसे में इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय बाजार और ऊर्जा आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ सकता है।

इसी बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उन्हें नहीं पता ईरान के साथ चल रही जंग कब खत्म होगी। इसका समय तय नहीं किया जा सकता।

● **अमेरिका को स्पेन के बाद इटली से भी झटका-** अमेरिका को इटली ने भी ईरान युद्ध में अपनी जमीन के इस्तेमाल से मना कर दिया है।

● **ट्रम्प बोले- अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगाऋहमसे तेल खरीदो, नहीं तो होर्मुज जाकर ले लो-** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि अब अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा। देशों को खुद ही अपने हालात संभालने होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ब्रिटेन जैसे देश जो होर्मुज स्ट्रेट से फ्यूल नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें अमेरिका से तेल खरीदना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पॉक्सो एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत भेजने की तैयारी

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मिथलेश कुमार कोटवा थाना क्षेत्र के नया टोला पोखरा का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ 2 जून 2025 को थाना में कांड दर्ज किया गया था, जिसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। मामला तुरकौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के शादी की नीयत से अपहरण से जुड़ा है। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एफआईआर दर्ज होने के करीब एक माह बाद पुलिस ने नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया था, लेकिन अपहरण का आरोपी लगातार गिरफ्त से बाहर था। लगातार छापेमारी और तकनीकी अनुसंधान के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

### चोरी की चार बाइक बरामद, सात आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** जिले में वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद की है और इस मामले में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। राजेपुर थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान ग्राम फजेदार चौक पर एक मोटरसाइकिल की जांच HHD मशीन से की गई। जांच में इंजन और चेसिस नंबर अलग-अलग पाए गए, जिससे बाइक चोरी की होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए राजेपुर, पीपरा कोठी, हरसिद्धि और संग्रामपुर थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर तीन चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। वहीं, बीजधरी थाना क्षेत्र में वाहन जांच के क्रम में एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। HHD मशीन से जांच के दौरान बाइक चोरी की निकली। इस संबंध में केसरीया थाना कांड संख्या 216/22 से उसका संबंध सामने आया। मौके पर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। बीजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि जिले में वाहन चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध वाहनों की जांच HHD मशीन से की जा रही है, जिससे चोरी की बाइक की पहचान तुरंत हो रही है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है और जल्द ही इस नेटवर्क का पूरी तरह खुलासा किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि वाहन खरीदने से पहले उसके कागजात, इंजन और चेसिस नंबर की अच्छी तरह जांच जरूर कर लें, ताकि चोरी के वाहन के जाल में फंसने से बचा जा सके।

### गैलेंट्री मेडल विजेता विशाल यादव पहुँचे अपने गुरु के द्वार



**बीएनएम @ बगहाः** बगहा के मधुबनी प्रखंड स्थित राजकीय कृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व प्राचार्य पं० भरत उपाध्याय के निवास पर एक भावुक और गरिमामय मिलन हुआ। राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार (गैलेंट्री मेडल) से सम्मानित यशस्वी शिष्य विशाल यादव ने अपने गुरु के चरणों में शीश नवाकर उन्हें सम्मानित किया।इस अवसर पर विशाल यादव ने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और सफलता में गुरुजी की अहम भूमिका रही है। उन्होंने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि गुरुजी को सम्मानित कर उन्हें वैसा ही गर्व और आनंद महसूस हो रहा है, जैसा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों वीरता पदक प्राप्त करते समय हुआ था। वहीं, पूर्व प्राचार्य पं० भरत उपाध्याय ने गदगद होकर कहा कि एक शिष्य के उत्कृष्ट कार्यों से ही गुरु का मान बढ़ता है। उन्होंने विशाल को उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्रसेवा के लिए अनंत शुभाशीष प्रदान किए। यह मिलन गुरु-शिष्य परंपरा की महानता का जीवंत उदाहरण पेश करता है।।इस अवसर पर संतोष सिंह राठौर, अम्बरीष मणि, घनश्याम मणि,श्री नारायण मणि,धीरेंद्र मणि त्रिपाठी, डिम्पू मणि,नौशेर सर, चंद्रांशु सिंह पल्लवी सिंह दिनेश कुमार गुप्ता आदि विशिष्ट लोग उपस्थित रहे।

### जर्जर बिजली तार बदलने की मांग

#### अतरी विधायक से मिले शहजादपुर के ग्रामीण

**बीएनएम @ गयाजी।** अतरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर में जर्जर हो चुके बिजली के तारों से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विधायक रोमित कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग को कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे हादसे का डर बना रहता है।समस्त ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या विस्तार से रखी। जनहित के इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए विधायक रोमित कुमार ने तत्काल बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर) को पत्र लिखकर लिखित आदेश दिया। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि शहजादपुर के जर्जर तारों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द बदला जाए ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और निर्बाध बिजली मिल सके।

# बॉर्डर इलाके में खाद तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, औचक छापेमारी में यूरिया जब्त

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** जिला के सिकरहना (ढाका) अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) उदय शंकर द्वारा संयुक्त रूप से बनकटवा प्रखंड क्षेत्र में खाद तस्करी के विरुद्ध औचक छापेमारी की गई। उक्त छापेमारी के दौरान बनकटवा नहर रोड पर मोटरसाइकिल से खाद की तस्करी करते हुए 8 बोरा यूरिया खाद एवं एक मोटरसाइकिल जप्त किया गया। हालांकि तस्कर मौके से मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त चंपापुर कोईरिया चौक के समीप तीन खाद दुकानों की जांच की गई जिसमें यादव खाद भंडार में जांच के दौरान 250 बोरा यूरिया खाद स्टॉक में पाया गया, किंतु विक्रेता द्वारा स्टॉक पंजी, POS मशीन एवं बिल प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्क्षण खाद बिक्री पर रोक लगाते हुए आगे की जांच प्रारंभ की गई। वहीं ओम सांई कृषि सेवा केंद्र के यहां 326 बोरा यूरिया एवं 50 बोरा डीएपी खाद स्टॉक में पाया गया। भौतिक स्टॉक एवं स्टॉक पंजी में अंतर पाए जाने के कारण तत्काल बिक्री पर रोक लगाते हुए जांच की कार्रवाई की जा रही है, जबकि विकास खाद भंडार में दुकान में यूरिया, फास्फेट एवं डीएपी खाद उपलब्ध पाया गया, परंतु स्टॉक पंजी एवं बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण तत्काल बिक्री पर रोक लगाई गई एवं जांच जारी है। इस छापेमारी अभियान के दौरान थाना प्रभारी, जितना एवं थाना प्रभारी, घोड़ासहन भी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि खाद की कालाबाजारी एवं तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## कचरा उठाव नहीं होने से ग्रामीण परेशान, महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट

बीएनएम @ तुरकौलिया



**तुरकौलिया।** मथुरापुर पंचायत के वार्ड संख्या एक स्थित आमवा गांव में महीनों से स्ट्रीट लाइट खराब रहने और नियमित कचरा उठाव नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत कचरे का उठाव नहीं होने से गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है। इस संबंध में ग्रामीण संजीव कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया है। आवेदन में कहा गया है कि वार्ड में करीब एक दर्जन स्ट्रीट लाइट लगाए गए थे, लेकिन वर्तमान में सभी खराब पड़े हैं। अंधेरा रहने के कारण इलाके में चोरी की घटनाएं बढ़ने की भी आशंका जताई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नियमित सफाई नहीं होने से जगह-जगह कचरा जमा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। गंदगी के कारण संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है। आवेदन के माध्यम से तत्काल कचरा हटाने, नियमित सफाई सुनिश्चित कराने तथा खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने की मांग की गई है। इस संबंध में बीडीओ संतोष राज ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पर्सा प्रशासन में 'एकल खिड़की प्रणाली' की तैयारी, सेवाग्रहियों की परेशानी होगी कम

बीएनएम @ रक्सौल/बीरगंज



**रक्सौल/बीरगंज।** जिला प्रशासन कार्यालय पर्सा में सेवाग्रहियों को हो रही परेशानियों और प्रशासनिक जटिलताओं को दूर करने की दिशा में नव निर्वाचित सांसदों ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। पर्सा–1 के सांसद हरि पन्त और पर्सा–2 के सांसद सुशील साह कानु ने संयुक्त रूप से जिला प्रशासन कार्यालय पहुंचकर सेवा प्रवाह का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सांसदों ने सेवा लेने पहुंचे आम नागरिकों से सीधे संवाद किया। सेवाग्रहियों ने उन्हें बताया कि एक ही फाइल पर टिप्पणी और स्वीकृति के लिए कई कमरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। छोटे-छोटे कार्यों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि प्रशासनिक प्रक्रिया अत्यंत जटिल और दोषपूर्ण बनी हुई है। इसके बाद दोनों सांसदों ने प्रमुख जिला अधिकारी भोला दाहाल से मुलाकात कर सेवा सुधार के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रमुख जिला अधिकारी ने सेवा को तकनीक-मैत्री और सरल बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। साथ ही कार्यालय के कामकाज को अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने और बिचौलिया मुक्त सेवा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'एकल खिड़की प्रणाली' लागू करने की योजना प्रस्तुत की। सांसदों ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में जनता को परेशानी होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सेवा को सहज, तेज और सम्मानजनक बनाने पर जोर देते हुए विश्वास जताया कि प्रस्तावित सुधारों से जन अपेक्षाओं की पूर्ति होगी और लोगों के समय की भी बचत होगी।

## पुरानी गाड़ी से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, नई बोलेरो की निविदा बुधवार को खुलेगी

बीएनएम @ पताही



**पताही।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नई बोलेरो वाहन के लिए जारी निविदा को लेकर पुराने वाहन मालिकों में असंतोष देखा जा रहा है। वर्षों से सेवा दे रहे वाहन मालिक इस फैसले से खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, जिससे नाराजगी बढ़ गई है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पताही के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शंकर बैठा ने स्पष्ट किया कि पूर्व में उपयोग की जा रही गाड़ी लगभग 10 वर्षों से कार्यरत थी। लंबे समय तक उपयोग के कारण उसकी स्थिति अब संतोषजनक नहीं रह गई थी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने वाहन मालिक भी इस नई निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नई बोलेरो वाहन की आवश्यकता महसूस की गई। इसी को ध्यान में रखते हुए नई निविदा जारी की गई है, ताकि बेहतर और तेज़ सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने बताया कि बुधवार को निविदा खोली जाएगी और प्राप्त सभी आवेदनों की जांच के बाद चयनित बोलेरो वाहन को अस्पताल कार्य के लिए अनुबंधित कर लिया जाएगा। इससे स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक व्यवस्थित, तेज़ और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। डॉ. बैठा ने कहा कि नई गाड़ी के आने से आवश्यक कार्यों में तेजी आएगी और स्वास्थ्य केंद्र की कार्यक्षमता में सुधार होगा। हालांकि पुराने वाहन मालिकों की नाराजगी को लेकर भी विभाग संवेदनशील है और नियमानुसार आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और मरीजों को आपातकालीन सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकेंगी।

## मोतिहारी के डॉ. विश्वपाल विश्वेंदु बने देश के सबसे युवा कोलोरेक्टल सर्जन फेलो

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** जिले के लखौरा थाना क्षेत्र के नवरंगिया निवासी प्रमोद यादव उर्फ मंटू यादव और संजू यादव के पुत्र डॉ. विश्वपाल विश्वेंदु ने चिकित्सा जगत में जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वे इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (आईजीआईएमएस), पटना के जनरल सर्जरी विभाग में सीनियर रेजिडेंट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कोलोरेक्टल सर्जरी में प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ ही डॉ. विश्वपाल विश्वेंदु भारत में इस फेलोशिप को हासिल करने वाले सबसे युवा सर्जन बन गए हैं। यह सम्मान उन्हें एसोसिएशन ऑफ कोलोन एंड रेक्टल सर्जन ऑफ इंडिया (ACRSI) के अध्यक्ष डॉ. कुशल मित्तल द्वारा प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण, कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है, बल्कि आईजीआईएमएस के उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और उत्कृष्ट मार्गदर्शन को भी दर्शाती है। डॉ. विश्वपाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता संजू यादव, पिता प्रमोद यादव, शिक्षकों और दोस्तों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के समर्थन, संस्कार और प्रेरणा के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। उन्होंने आईजीआईएमएस के सभी शिक्षकों एवं वरिष्ठों के प्रति भी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। विशेष रूप से जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.के. झा तथा आईजीआईएमएस के अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल का आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग ने इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. विश्वपाल की इस उपलब्धि से चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही यह युवा डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी। बेटे की इस सफलता पर माता संजू यादव ने खुशी जाहिर करते हुए इसे पूरे परिवार और जिले के लिए गौरव का क्षण बताया।

## प्रेम प्रसंग में दोहरे हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा

बीएनएम @ बगहा



**बगहा** : वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मदनपुर जंगल में मिले दो नरकंकालों की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। जिसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई थी, वह दरअसल 'ऑनर किलिंग' से जुड़ा एक नृशंस दोहरा हत्याकांड निकला। पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि प्रेम संबंध से नाराज लड़की के पिता मदन बीन ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर अपनी ही बेटी दुलारी कुमारी और उसके प्रेमी अखिलेश यादव की हत्या कर दी थी।मामले की शुरुआत 14 सितंबर 2025 को हुई, जब मदन बीन ने लोकरिया थाने में अखिलेश यादव के विरुद्ध अपनी बेटी के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके उलट, अखिलेश की मां लालपरी देवी ने न्यायालय में परिवाद दायर कर आरोप लगाया था कि उनके बेटे को घर से बुलाकर गायब किया गया है। सच्चाई तब सामने आई जब 20 जनवरी 2026 को जंगल में लकड़ी काटने गए ग्रामीणों ने पेड़ से लटके दो शव देखे।बगहा एसपी रामानंद कुमार कौशल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया। तकनीकी अनुसंधान और साक्ष्य संकलन के दौरान पुलिस ने पाया कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश थी।पुलिस के अनुसार, दोनों प्रेमियों को साजिश के तहत मदनपुर जंगल बुलाया गया। वहां आरोपियों ने पहले अखिलेश यादव से जबरन सुसाइड नोट लिखवाया और फिर दोनों की हत्या कर शवों को फंदे से लटका दिया।

## जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल में पीटीएम सह ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** शहर से सटे लक्ष्मीपुर स्थित जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सह ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अंजनी अशेष ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा के अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन का उल्लेख करते हुए कहा कि महज कुछ घंटों की परीक्षा के आधार पर किसी विद्यार्थी की मेधा का सम्यक मूल्यांकन संभव नहीं है। उन्होंने महान दार्शनिक अरस्तु के विचारों का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिकता का विकास करना है, ताकि वे जीवन में बेहतर नागरिक बन सकें। मौके पर अभिभावकों ने भी विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उनके परीक्षाफल प्रदान किए गए, वहीं विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। ग्रेजुएशन सेरेमनी में नन्हे विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। समारोह का माहौल उल्लासपूर्ण रहा और अभिभावकों ने विद्यालय की पहल की सराहना की। इस अवसर पर प्रीति कुमारी, उज्ज्वल श्रीवास्तव, नवीन वर्मा, रौशन त्रिपाठी, विक्रम वीर, विजय कुमार यादव, रितिका दुबे, प्रियंका झा, साक्षी वैभव, रौशनी राज, प्रियम कुमारी सहित कई शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में एसपी स्वर्ण प्रभात का सख्त एक्शन, सब-इंस्पेक्टर निलंबित

» अरेराज सर्किल इंस्पेक्टर पर लगे आरोप की होगी जांच

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में एसपी स्वर्ण प्रभात ने फरियादियों की शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई की। जांच में लापरवाही और अवैध लेन-देन के आरोप में संग्रामपुर थाना के एक सब-इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जनता दरबार के दौरान अरेराज सर्किल इंस्पेक्टर के खिलाफ भी गंभीर आरोप सामने आए। इस पर एसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच प्रशिक्षु डीएसपी को सौंप दी और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश जारी किया। एसपी ने साफ कहा कि भ्रष्टाचार, लापरवाही या गैरकानूनी प्रक्रिया में शामिल किसी भी पुलिस पदाधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जनता दरबार में लंबित मामलों के साथ भूमाफियाओं द्वारा पर्चाधारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतें भी सामने आईं। एसपी ने इन मामलों में कड़ी जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, थाना गेट के मुख्य मार्ग पर वर्षों से खड़े ट्रकों के कारण हो रही यातायात समस्या पर भी उन्होंने संज्ञान लिया। वैकल्पिक भूमि चयन कर ट्रकों को जल्द शिफ्ट कराने का भरोसा दिया गया, जिससे आम लोगों को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### अथमलगोला से मोकामा तक 45 किमी लंबी सड़क जल्द होगी तैयार

**बख्तियारपुर से मोकामा बाटा चौक तक 11 मीटर चौड़ी होगी सड़क**



**बीएनएम @ पटना:** राज्य में सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में बख्तियारपुर–बाढ़–मोकामा लिंक पथ (NH-31 से संबद्ध) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य अब अपने अंतिम चरण में है। पथ निर्माण विभाग के अनुसार, करीब 45.70 किलोमीटर लंबी इस महत्वपूर्ण परियोजना को जल्द ही यात्रियों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। यह सड़क बख्तियारपुर (अथमलगोला) से शुरू होकर बाढ़, पंडारक और शिवनार होते हुए मोकामा के बाटा चौक तक जाती है।पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि लगभग 249.88 करोड़ की लागत से इस मार्ग की चौड़ाई 6.50 मीटर से बढ़ाकर 11.00 मीटर की जा रही है। इस सुधार से एनएच-31 पर लगने वाले भीषण जाम से स्थाई निजात मिलेगी और आसपास के क्षेत्रों का राजमार्गों से सीधा जुड़ाव आसान होगा। सड़क के सुदृढ़ होने से न केवल वाहनों का परिचालन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र में कृषि आधारित व्यापार, विपणन और स्थानीय रोजगार की संभावनाओं को भी नई मजबूती मिलेगी। यह परियोजना बिहार के बुनियादी ढांचे के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### पूर्णिया से सिलीगुड़ी तक ईओयू की रेड

**घेरे में आए एसडीपीओ गौतम कुमार**



**बीएनएम @ पूर्णियां:** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत आर्थिक अपराध इकाई ने किशनगंज के SDPO गौतम कुमार पर बड़ी कार्रवाई की है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में बुधवार सुबह ईओयू की टीम ने उनके पूर्णिया, किशनगंज, भागलपुर, सिलीगुड़ी और मधुबनी स्थित कुल छह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।शुरुआती जांच के अनुसार, एसडीपीओ गौतम कुमार पर अपनी ज्ञात आय से करीब 1 करोड़ 94 लाख 92 हजार 244 रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित करने का गंभीर आरोप है। छापेमारी के दौरान करोड़ों के जेवरात, जमीन में निवेश के दस्तावेज और कई बैंक खातों का पता चला है। पूर्णिया के हाउसिंग कॉलोनी स्थित उनके आलीशान आवास और करीबियों के ठिकानों पर दस्तावेजों की गहन जांच जारी है।गौतम कुमार, जो पहले पटना बीएमपी-5 में तैनात थे, पर आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अवैध बालू खनन और तस्करी जैसे मामलों के जरिए यह अवैध संपत्ति बनाई है। वर्तमान में वे किशनगंज में तैनात हैं, जबकि उनकी पत्नी भी पूर्णिया में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। न्यायालय के आदेश पर हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

### युवकों को जबरन गाड़ी में बैठाने का वीडियो वायरल

**बीएनएम @ भागलपुर।** जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के कहलगांव हटिया के पास से एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग दो युवकों को जबरदस्ती एक स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल भी देखा जा सकता है। वीडियो में एक पुलिसकर्मी की मौजूदगी भी दिखाई दे रही है,जिससे मामला और भी गंभीर बनता नजर आ रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पुलिसकर्मी की भूमिका क्या है। वह स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे थे, या किसी अन्य वजह से वहां मौजूद थे।फिलहाल इस वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। हम इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करते हैं। मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान भी सामने नहीं आया है।

### शांति और सेवा का वाहक है जैन समाज: संजय सरावगी

**बीएनएम @ पटना।** पटना के एक्जीबिशन रोड स्थित नारायण प्लाजा में भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल हुए। उन्होंने पटना जैन श्वेताम्बर श्री संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ आत्मीय संवाद किया और समाज को महावीर जयंती की मंगलकामनाएं दीं।अपने संबोधन में संजय सरावगी ने जैन समाज द्वारा शांति, सेवा और संस्कारों के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा और त्याग के जो सिद्धांत भगवान महावीर ने हजारों वर्ष पहले दिए थे, वे आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनके अनुसार, आपसी वैमनस्य और तनाव के इस समय में "अहिंसा परमो धर्मः" का संदेश ही हमें संयम और सहिष्णुता का मार्ग दिखा सकता है।प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि महापुरुषों के विचारों का केवल स्मरण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में उतारना समय की मांग है। उन्होंने विश्वास जताया कि महावीर के बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त, संवेदनशील और समरस समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम के दौरान पटना जैन श्वेताम्बर श्री संघ के सामाजिक और शैक्षिक कार्यों की प्रशंसा की गई। अंत में जैन समाज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस गरिमामय अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और जैन धर्मावलंबी उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर दिखा।

## बापू टावर और वैशाली के बुद्ध स्मृति स्तूप को मिला राष्ट्रीय 'सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार

» सीएम नीतीश के विजन को मिली पहचान

**'बेस्ट कंस्ट्रक्शन' श्रेणी में चुनी गई बिहार की दोनो भव्य परियोजनाएं**

बीएनएम @पटना

**पटना:** भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्मित पटना के भव्य बापू टावर और वैशाली स्थित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप ने राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का मान बढ़ाया है। इन दोनों परियोजनाओं को प्रतिष्ठित 17वें सीआईडीसी (CIDC) विश्वकर्मा अवॉर्ड्स-2026 के लिए चुना गया है। यह चयन 'अचीवमेंट अवार्ड फॉर बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स' की श्रेणी में किया गया है, जो विभाग की उत्कृष्ट निर्माण गुणवत्ता, अद्वितीय इंजीनियरिंग कौशल और सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने की प्रतिबद्धता को वैश्विक पहचान दिलाता है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे अभियंताओं, आर्किटेक्ट्स और निर्माण टीम की तकनीकी उत्कृष्टता



एवं समर्पण का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता के कारण ही बिहार अपनी ऐतिहासिक विरासत को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जोड़कर दुनिया के सामने नई पहचान बना रहा है।पटना के गर्दनीबाग में स्थित बापू टावर महात्मा गांधी के सिद्धांतों और बिहार से उनके गहरे जुड़ाव को आधुनिक ऑडियो-विजुअल और म्यूरल के माध्यम से जीवंत करता है। वहीं, वैशाली में 72 एकड़ में फैला बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय राजस्थान के वंशी पहाड़पुर के बलुआ पत्थरों से निर्मित है और पूरी तरह भूकंपरोधी है, ताकि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष हजारों वर्षों तक सुरक्षित रह सकें। इससे पहले सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र और अंजुमन इस्लामिया हॉल को भी यह गौरव प्राप्त हो चुका है। जुलाई 2025 में उद्घाटित वैशाली की यह परियोजना अब देश-विदेश के बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए प्रमुख केंद्र बन गई है। यह पुरस्कार न केवल बिहार के पर्यटन विकास को गति प्रदान करेगा, बल्कि राज्य की वास्तुकला और निर्माण शैली के बढ़ते कद का भी प्रमाण है।

बिहार में अतिक्रमण के खिलाफ आज से विशेष अभियान, नो मैन्स लैंड' पर रहेगी पैनी नजर

# गरीबों को उजाड़ने से पहले बसाना जरूरी: उपमुख्यमंत्री

**गरीबों की आजीविका बचाते हुए बिहार को अतिक्रमण मुक्त करने की तैयारी**

बीएनएम @ पटना

**पटना:** बिहार सरकार ने राज्यभर में सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 1 अप्रैल 2026 से एक व्यापक और संगठित अभियान चलाने का निर्णय लिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव श्री सीके अनिल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी सौंदर्यीकरण, बेहतर यातायात और नागरिक सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने इस मुहिम में मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता पर विशेष जोर दिया है। सरकार ने स्पष्ट आदेश दिया है कि गरीब और असहाय लोगों का अतिक्रमण तब तक न हटाया जाए,




जब तक उनके लिए वेंडिंग जोन या पुनर्वास के वैकल्पिक साधन सुनिश्चित न कर दिए जाएं। यह पहल केवल अवैध कब्जों को हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके रोजगार की सुरक्षा के प्रति भी प्रतिबद्ध है।प्रशासनिक स्तर पर, भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों के 'नो मैन्स लैंड' में अतिक्रमण को अंतरराष्ट्रीय संवेदनशीलता के कारण प्राथमिकता दी गई है। प्रधान सचिव ने बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 6(1) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई और पटना उच्च न्यायालय के निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। इस अभियान में अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि जिलाधिकारी इस अधिनियम के तहत अपीलीय प्राधिकारी होते हैं। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने जिलों को आवश्यक वित्तीय संसाधन आवंटित कर दिए हैं और सभी अंचलाधिकारियों को अतिक्रमण वादों का डिजिटल संधारण व नियमित मॉनिटरिंग करने का आदेश दिया है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायोचित बनी रहे।

## बाल श्रम कानून उल्लंघन पर प्रशासन सख्त, तीन दुकानदारों पर एफआईआर

बीएनएम @हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** बाजार क्षेत्र में बाल श्रम के खिलाफ प्रशासन ने मंगलवार को सघन अभियान चलाकर तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मासूम रजा के नेतृत्व में गठित धावा दल ने दुकानों, गैराज, होटलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान तीन अलग-अलग प्रतिष्ठानों से एक-एक बाल श्रमिक को छुड़ाया गया, जिसके बाद संबंधित संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। छापेमारी में मेसर्स शाही ऑटो सेंटर के संचालक राजकुमार सिंह, मेसर्स सिंह ऑटो मोटर्स के संचालक रवि कुमार सिंह तथा गायत्री पेट्रोल पंप के समीप स्थित चौधरी भोजनालय एवं सिक सेंटर के संचालक किशोरी चौधरी के प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिक पाए गए। प्रशासन ने तीनों बच्चों को मुक्त कराते हुए संचालकों पर बाल श्रम कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज किया।

**संयुक्त टीम ने चलाया सघन अभियान-** अभियान में हरसिद्धि के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के साथ कल्याणपुर के सरफराज अहमद खान, अरेराज की सोनिया वर्मा, संग्रामपुर के कृतिवर्धन सिंह, पहाड़पुर की नीता कुमारी और प्रयास संस्था के सदस्य शामिल रहे। संयुक्त टीम ने बाजार क्षेत्र के कई हिस्सों में एक साथ छापेमारी कर बाल श्रम के खिलाफ सख्त संदेश दिया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मासूम रजा ने कहा कि बच्चों से मजदूरी कराना गंभीर अपराध है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा बाल श्रम उन्मूलन के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रोहतास की तेलकप ग्राम पंचायत को मिला 'नानाजी देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार

» मुखिया अनीता टोप्पो के नेतृत्व में तेलकप पंचायत बनी देश की दूसरी सर्वश्रेष्ठ पंचायत
» सतत विकास लक्ष्यों में रोहतास ने मारी बाजी, मंत्री दीपक प्रकाश ने दी बधाई

बीएनएम @पटना

**पटना:** बिहार के रोहतास जिले की तेलकप ग्राम पंचायत ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहराते हुए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2025 के लिए भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले 'नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार' के अंतर्गत तेलकप को सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में देश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस प्रतिष्ठित सम्मान पर पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने मुखिया अनीता टोप्पो को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता राज्य की अन्य महिला जनप्रतिनिधियों के लिए एक मिसाल है। उन्होंने रेखांकित किया कि महिला नेतृत्व में बिहार की पंचायतें सतत विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। यह उपलब्धि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों. सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सुशासन के मानकों पर तेलकप पंचायत के उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है। मंत्री के अनुसार, विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों और कर्मियों के लिए राज्य व देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में चलाए जा रहे निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रमों से पंचायतों की कार्यक्षमता




और जवाबदेही में व्यापक सुधार हुआ है। रोहतास प्रखंड स्थित इस पंचायत का कुशल मॉडल अब न केवल बिहार बल्कि पूरे देश की पंचायतों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष देश की शीर्ष तीन पंचायतों, समितियों और जिला परिषदों को उनके असाधारण कार्यों के लिए दिया जाता है, जो स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हैं। तेलकप की यह जीत पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बिहार सरकार के संकल्प को प्रतिबिंबित करती है।

## नालंदा की घटना पर तेजस्वी यादव का हमला, बोले- बिहार में चौपट कानून-व्यवस्था

बीएनएम @पटना/नालंदा

**पटना/नालंदा।** नालंदा जिले के नूरसराय इलाके में महिला के साथ बीच सड़क पर सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास की घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की भयावह तस्वीर पेश करती है। तेजस्वी यादव ने अपने बयान में कहा कि भाजपा-जदयू सरकार के "महा चौपटराज" में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में ही महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन लोगों ने महिला के साथ अभद्रता की, उसके कपड़े फाड़े और सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया, जो बेहद चिंताजनक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध और हिंसा की



घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन सरकार इस पर प्रभावी नियंत्रण करने में विफल साबित हो रही है। तेजस्वी यादव ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के नेता केवल सत्ता और कुर्सी के खेल में लगे हुए हैं, जबकि राज्य की जनता, खासकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार सच में संवेदनशील होती, तो इस तरह की घटनाएं सामने नहीं आतीं। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## आज से कचरा नहीं बांटने पर लगेगा भारी जुर्माना, 4 अलग-अलग श्रेणियों में देना होगा वेस्ट

» हरा, नीला, लाल और काला—इन चार रंगों के साथ कल से शुरू होगा डोर-टू-डोर कचरा उठाव

**100 किलो से अधिक कचरा पैदा करने वाले होटलों और अपार्टमेंट्स को खुद करना होगा निस्तारण**

बीएनएम @पटना

**पटना:** बिहार में शहरों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए 'न्यू सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026' के तहत नई गाइडलाइन 1 अप्रैल से लागू हो रही है। इस नए नियम के अनुसार, 100 किलो से अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले बड़े संस्थानों जैसे होटल, अपार्टमेंट और सरकारी कार्यालयों के लिए अपने परिसर में ही कचरा प्रोसेसिंग यूनिट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि गीले कचरे का 'ऑन साइट कंपोस्टिंग' करना होगा। राजधानी पटना में इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। अब नागरिकों को अपना कचरा केवल दो नहीं, बल्कि चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर देना होगा।



इसके लिए पटना नगर निगम 225 नए वाहनों की खरीदारी कर रहा है, जो चार अलग-अलग रंगों के बिन (Bins) से लैस होंगे। यदि कचरा श्रेणियों में बांटकर नहीं दिया गया, तो सफाईकर्मी उसे स्वीकार नहीं करेंगे।कचरे के वर्गीकरण के लिए चार रंगों के बिन निर्धारित किए गए हैं: गीले कचरे (रसोई अवशेष) के लिए हरा, सूखे कचरे (प्लास्टिक, कागज, कांच) के लिए नीला, सैनिटरी वेस्ट (डायपर, नैपकिन) के लिए लाल और स्पेशल केयर वेस्ट (बल्ब, ई-वेस्ट, दवाइयां) के लिए काले रंग का उपयोग होगा। नियमों के उल्लंघन, गलत रिपोर्टिंग या कचरा न बांटने की स्थिति में 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' के तहत भारी पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, जो कचरे की पूरी चेन को ट्रैक करेगा। 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली संस्थाओं को 'थोक कचरा उत्पादक' माना गया है, जिन्हें अपने स्तर पर कचरा निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। पटना नगर निगम अपने संसाधनों को बढ़ाते हुए सभी 375 सेक्टरों में इन नए नियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए तैयार है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण करना है।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत, नवजात भी गायब

» डॉक्टर और स्टाफ क्लीनिक छोड़कर फरार
» 20 लाख की गाड़ी न मिलने पर हत्या की साजिश का आरोप

बीएनएम @बगहा

**बगहा:** रामनगर के नेपाली टोला स्थित 'संजीवनी हेल्थ केयर' नामक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती एक नवविवाहिता की ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के रायबारी महुआ निवासी इमरान अंसारी की पत्नी सोनी खातून के रूप में हुई है। इस घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया और चिकित्सक



व कर्मचारी क्लीनिक छोड़कर फरार हो गए।मृतका की मां शबनम नेशा और पिता समीर अंसारी ने अस्पताल प्रबंधन और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि यह केवल चिकित्सीय लापरवाही नहीं, बल्कि एक सोची-समझी हत्या है। उनका आरोप है कि ससुराल वालों ने चिकित्सक के साथ मिलकर साजिशन सोनी की जान ली है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसव के बाद जन्मा नवजात शिशु भी गायब बताया जा रहा है, जिसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन नहीं दे रहा है।मायके पक्ष के अनुसार, सोनी के पति द्वारा दहेज में 20 लाख रुपये मूल्य की गाड़ी मांगी जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का मानना है कि इसी विवाद के चलते ऑपरेशन के बहाने उसकी हत्या कर दी गई।घटना की सूचना मिलते ही रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुँचा। एफएसएल (FSL) टीम ने भी अस्पताल से साक्ष्य जुटाए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि चिकित्सक फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह निजी क्लीनिक नंदलाल यादव द्वारा संचालित बताया जा रहा है।

## अहिंसा परमो धर्म' के जयघोष के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

» पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत, शांति और सौहार्द की अपील

बीएनएम @गयाजी

**गयाजी।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को गया शहर भक्ति और उल्लास के रंगों में सराबोर रहा। इस पावन मौके पर शहर के प्रमुख जैन मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में जैन समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। गाजे-बाजे, रंग-बिरंगी ध्वज-पताकाओं और भक्ति गीतों की



गूंज के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु 'अहिंसा परमो धर्म' के जयघोष कर रहे थे, जो भगवान महावीर के शांति और प्रेम के संदेश को जन-जन तक पहुँचा रहा था। सड़क के दोनों ओर खड़े नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर इस भव्य आयोजन का भावपूर्ण स्वागत किया।स्थानीय श्रद्धालु राजन कुमार जैन ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान वैश्विक संघर्षों के दौर में भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही विश्व में स्थायी शांति और सौहार्द स्थापित किया जा सकता है। वहीं, महिला श्रद्धालु शिवानी जैन ने बताया कि यह पर्व समाज में एकता और भाईचारे को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई थी। आयोजन को सफल और सुरक्षित बनाने में स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ जैन समाज के स्वयंसेवकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गया शहर में आयोजित यह जयंती समारोह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को अहिंसा और मानवीय संवेदनाओं के मार्ग पर चलने की नई प्रेरणा देने वाला एक यादगार संगम सिद्ध हुआ।

## निर्वाचन आयोग के सामने चुनौती

**पश्चिम बंगाल में जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? एक भी नागरिक के मताधिकार का हनन अवांछित है।**

पश्चिम बंगाल में 60 लाख व्यक्तियों के मताधिकार पर अंतिम निर्णय हुए बिना निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। ये वो लोग हैं, मतदाता सूची में जिनके नाम पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विवाद खड़ा हुआ। उनसे संबंधित अर्जियां विचाराधीन हैं, जिन्हें निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अधिकारियों की सहायता ली जा रही है। लेकिन ये काम इतना पेचीदा है कि इस बारे में फैसले की रफ्तार धीमी बनी हुई है। इस बीच घोषित कार्यक्रम के मुताबिक छह अप्रैल को परचा भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

मुद्दा है कि जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? कहा जाता है कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्त्वपूर्ण है। वोट हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। एक भी नागरिक के इस अधिकार का हनन लोकतंत्र की मूलभूत भावना पर प्रहार होगा। ऐसा हुआ, तो उसके लिए सीधे तौर पर निर्वाचन आयोग को दोषी माना जाएगा, जिसने जल्दबाजी में एसआईआर कराने का फैसला किया। साथ ही ये प्रक्रिया निर्विवाद ढंग से हो तथा संदेह से परे रहे, इसका इंतजाम करने में वह विफल रहा। रविवार को आयोग ने पश्चिम बंगाल के अलावा असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित किए। इनमें अच्छी बात तो यह है कि इस बार टुकड़ों- टुकड़ों में मतदान कराने की परिपाटी छोड़ दी गई है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में और बाकी राज्यों में एक चरण में मतदान होगा। मगर असम, केरल और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान के बाद मतगणना के लिए 25 दिन के इंतजार की अवांछित स्थिति बनेगी। हाल में ऐसी परिस्थितियों से संदेह का माहौल बनता रहा है। अतः बेहतर होता कि हर राज्य में मतदान और मतगणना में न्यूनतम संभव अंतर रखा जाता। बहरहाल, अब आयोग के सामने चुनौती चुनाव प्रक्रिया को तमाम संदेहों और सवालों से परे रखने की है। ऐसा वह सभी पक्षों के प्रति समान नजरिये का परिचय देकर कर सकता है।

# संकट की घड़ी में मददगार है साथ हिन्दुस्तान का

**मनोज कुमार अग्रवाल**

संकट भरे विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी दुनिया में भारत अपने मित्र पडोसी देशों के लिए संकटमोचक बड़े भाई की भूमिका निबाह रहा है। तनाव के इस दौर में, जब पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष ने पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को झकझोर दिया है, ऐसे समय में भारत ने एक बार फिर अपनी परंपरागत नीति विश्व एक परिवार के आदर्श को व्यवहार में उतारकर दिखाया है। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच दुनिया भर के देश में तेल और एलपीजी गैस की किल्लत से दो चार हो रहे हैं. हालांकि, भारत जैसे मित्र देशों के लिए ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद नहीं किया है. भारत में लगातार तेल और एलपीजी की आपूर्ति हो रही है. अभी तक कई जहाज भारत पहुंच भी चुके हैं. लेकिन भारत के कई पड़ोसी देशों में हालात बहुत चिंताजनक है. श्रीलंका भी इन दिनों तेल की आपूर्ति को लेकर चिंतित है. ऐसी स्थिति में श्रीलंका की मदद भारत कर रहा है। आपको बता दें कि युद्ध और होरमुज स्टेट में बढ़ते तनाव के कारण तेल और एलपीजी की सप्लाई बाधित हो रही है, जिससे दुनिया के कई देश गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। इस वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत ने अपने पड़ोसी देशों के लिए एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में भूमिका निभाई है। हालांकि भारत का यह रवैया कोई नया नहीं है। सदियों से भारतीय सभ्यता सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे सिद्धांतों पर अमल की रही है। आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं टूट रही हैं और देश अपने-अपने हितों में सिमटते नजर आ रहे हैं, भारत ने इसके विपरीत एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है, जहां केवल राष्ट्रीय हित ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग भी प्राथमिकता में हैं।

आपको पता है कि मौजूदा घटनाक्रम में श्रीलंका को भारत द्वारा 38,000 मीट्रिक टन पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति इसी सोच का प्रमाण है। इसमें 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल शामिल है। यह आपूर्ति ऐसे समय में की गई, जब श्रीलंका पश्चिम एशिया से तेल की आपूर्ति बाधित होने के कारण गंभीर संकट में था। श्रीलंका के राष्ट्रपति कुमारा दिसानायके और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद यह सहायता तुरंत भेजी गई। यह केवल एक कूटनीतिक कदम नहीं, बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ के बीच भी बातचीत हुई थी, जिसने इस सहयोग को और मजबूत आधार दिया। भारत ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के माध्यम से यह आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे श्रीलंका में ऊर्जा संकट को तत्काल राहत मिली। भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति केवल एक कूटनीतिक नारा नहीं, बल्कि एक सक्रिय और प्रभावी रणनीति के रूप में सामने आई है। श्रीलंका के अलावा भारत ने बांग्लादेश और मालदीव जैसे देशों को भी समय-समय पर ऊर्जा सहायता प्रदान की है। बांग्लादेश में भी हालात चुनौतीपूर्ण हैं।याद रहे भारत ने बांग्लादेश को अतिरिक्त 5,000 टन डीजल की सप्लाई की है. इस तरह हाल के दिनों में भारत से बांग्लादेश को कुल 15,000 टन डीजल मिल चुका है. ईरान-अमेरिका-इजरायल तनाव और होर्मुज स्टेट में व्यवधान के कारण वहां ईंधन संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में भारत ने अतिरिक्त 5,000 टन डीजल की आपूर्ति कर तत्काल राहत पहुंचाई थी। हाल के समय में कुल 15,000 टन डीजल की आपूर्ति भारत द्वारा की जा चुकी है। यह सहयोग केवल संकट प्रबंधन नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने का माध्यम भी है। ऊर्जा क्षेत्र में यह साझेदारी आने वाले समय में दक्षिण एशिया की स्थिरता और विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जब दुनिया के कई देश अपने संसाधनों को सुरक्षित रखने में लगे हैं, भारत ने अपने संसाधनों को साझा करने का रास्ता चुना है। यह संवेदनशीलता और जिम्मेदारी भारत को वैश्विक मंच पर अलग पहचान देती है। श्रीलंका के नेताओं चाहे वह सांसद नमल राजपक्षे हों या हां डी सिल्वा ने भारत की इस मदद की खुलकर सराहना की है। यह सराहना केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती साख और विश्वास को दर्शाती है। भारत ने पहले भी संकट के समय श्रीलंका की मदद की है, चाहे वह आर्थिक संकट हो या प्राकृतिक आपदा। यही निरंतरता भारत को एक विश्वसनीय मित्र बनाती है। वर्तमान स्थिति केवल एक क्षेत्रीय संकट नहीं है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। होमुंज स्ट्रेट, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, वहां तनाव का सीधा असर वैश्विक बाजारों पर पड़ रहा है। इस स्थिति में भारत का सक्रिय हस्तक्षेप न केवल पड़ोसी देशों को राहत दे रहा है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी बनाए रखने में मदद कर रहा है। यह कदम यह भी दर्शाता है कि भारत केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार ऊर्जा साझेदार भी है। हालांकि तत्काल राहत देना जरूरी है, लेकिन इस संकट ने एक बड़ा सवाल भी खड़ा किया है कि क्या दक्षिण एशिया को ऊर्जा के मामले में अधिक आत्मनिर्भर नहीं होना चाहिए? श्रीलंका ने खुद स्वीकार किया है कि इस तरह के संकट से निपटने के लिए दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता है। भारत इस दिशा में भी सहयोग कर सकता है चाहे वह नवीकरणीय ऊर्जा हो, क्षेत्रीय ग्रिड कनेक्टिविटी हो या ऊर्जा भंडारण की व्यवस्था। यदि हम हाल के इतिहास पर नजर डालें, तो कोविड-19 महामारी के दौरान भी भारत ने दुनिया के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया था। वैक्सीन मैत्री पहल के तहत भारत ने 100 से अधिक देशों को 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की आपूर्ति की। यह केवल एक स्वास्थ्य पहल नहीं थी, बल्कि वैश्विक मानवता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण थी। इस अभियान के माध्यम से भारत ने यह दिखाया कि वह केवल अपने नागरिकों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए जिम्मेदार है। यह नीति आज भी ऊर्जा संकट जैसे मामलों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। हकिकत यह है कि आज के समय में नेतृत्व केवल शक्ति प्रदर्शन से नहीं, बल्कि संकट में साथ खड़े होने से तय होता है। भारत ने अपने कार्यों से यह साबित किया है कि वह केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और संवेदनशील राष्ट्र भी है। वसुधैव कुटुम्बकम् केवल एक श्लोक नहीं, बल्कि भारत की विदेश नीति का आधार बनता जा रहा है। जब दुनिया विभाजन और प्रतिस्पर्धा की ओर बढ़ रही है, भारत सहयोग और साझेदारी का रास्ता दिखा रहा है। ऐसे समय में भारत का यह कदम न केवल पड़ोसी देशों के लिए राहत है, बल्कि पूरे विश्व के लिए एक संदेश भी है कि सच्ची शक्ति वही है, जो दूसरों को संभालने में काम आए। भारत की इस नीति में एक खास बात यह है कि इसमें रणनीतिक हित और मानवीय दृष्टिकोण दोनों का संतुलन है। एक ओर जहां भारत अपने पड़ोसियों की मदद करके क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करता है, वहीं दूसरी ओर वह मानवीय मूल्यों को भी प्राथमिकता देता है। ऊर्जा संकट में सहायता देकर भारत ने यह सुनिश्चित किया कि उसके पड़ोसी देशों में आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता न बढ़े, क्योंकि इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ सकता है। कहा जाता है कि सच्चा मित्र वही होता है जो मुश्किल समय में साथ खड़ा हो। भारत ने बार-बार इस कहावत को सही साबित किया है। चाहे कोविड-19 का संकट हो या वर्तमान ऊर्जा संकट, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसियों और दुनिया के साथ खड़े होकर यह संदेश दिया है कि वह केवल एक राष्ट्र नहीं, बल्कि मानवता का सच्चा साथी है। जनवरी 2021 में, भारत ने चक्रवात यासा से प्रभावित फिजी द्वीप को मानवीय सहायता प्रदान की। संघर्ष की स्थितियों में यमन, सीरिया और अफगानिस्तान जैसे देशों को भी सहायता दी गई है। भारत ने म्यांमार और मोज़ाम्बिक में अन्य आपदाओं में भी सहायता प्रदान की है। आज जब दुनिया अनिश्चितताओं से भरी हुई है, भारत की यह नीति न केवल उसके पड़ोसियों के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणा है। आने वाले समय में भी भारत इसी तरह सहयोग और साझेदारी के माध्यम से वैश्विक शांति और स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

श्रीलंका के सांसद नेता नमल राजपक्षा ने भारत की तारीफ की है. उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसे मुश्किल समय में भी एक दोस्त की तरह हमारे साथ खड़ा रहा है. मैं भारत को 38 हजार टन पेट्रोलियम देने के लिए उनका धन्यवाद करता हूं.उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की जनता ने एक बार फिर श्रीलंका को 38,000 टन पेट्रोलियम की समय पर आपूर्ति करके पड़ोसी पहले नीति को कायम रखा है।

# हर परिस्थिति में मुस्कराने की कला : दुःख में सुख खोजने का जीवन-दर्शन

**कांतिलाल मांडोत**

जीवन अपने आप में एक अनवरत प्रवाह है, जिसमें सुख और दुःख दोनों ही साथ-साथ चलते हैं। जैसे दिन और रात का क्रम कभी रुकता नहीं, उसी प्रकार जीवन में प्रसन्नता और पीड़ा का आना-जाना भी स्वाभाविक है। मनुष्य सामान्यतः सुख की इच्छा करता है और दुःख से बचना चाहता है, परंतु यह सत्य है कि दुःख भी जीवन का अभिन्न अंग है। यदि हम केवल सुख की अपेक्षा करें और दुःख आने पर विचलित हो जाएँ, तो हम जीवन के वास्तविक स्वरूप को समझ ही नहीं पाते। जीवन का सौंदर्य इसी में है कि हम हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखें और मुस्कराते हुए आगे बढ़ते रहें। मनुष्य को प्रकृति ने विवेक और बुद्धि का अद्भुत वरदान दिया है। यही कारण है कि वह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी समाधान खोज सकता है। यदि वह चाहे तो दुःख को भी सीख में बदल सकता है और पीड़ा को प्रेरणा में परिवर्तित कर सकता है। जिस प्रकार गंदगी से ऊर्जा उत्पन्न की जा सकती है और अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएँ बनाई जा सकती हैं, उसी प्रकार मनुष्य अपने जीवन के दुःखों को भी सकारात्मक दिशा दे सकता है। यह सब उसकी सोच और दृष्टिकोण पर निर्भर करता है।

दुःख का मूल कारण बाहर नहीं, बल्कि भीतर छिपा होता है। जब मनुष्य अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाता है, जब वह असावधानी और प्रमाद में जीने लगता है, तब वह स्वयं अपने दुःखों का कारण बनता है। प्रमाद का अर्थ है, वास्तविकता को न समझना, गलत को सही मान लेना और अपने विवेक का उपयोग न करना। जब हम अपने भीतर के इस प्रमाद को पहचान लेते हैं और उससे ऊपर उठने का प्रयास करते हैं, तब हम अपने जीवन को नई दिशा दे सकते हैं। यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि रोना या विलाप करना किसी समस्या का समाधान नहीं है। दुःख आने पर यदि हम निराश होकर बैठ जाएँ, तो हम स्वयं को और अधिक कमजोर बना लेते हैं। इसके विपरीत यदि हम धैर्य और साहस के साथ परिस्थितियों का सामना करें, तो वही दुःख हमारे लिए शक्ति का स्रोत बन सकता है। जो व्यक्ति कठिनाइयों में भी मुस्कराना सीख लेता है, वही सच्चे अर्थों में जीवन का आनंद उठा पाता है। इतिहास और धर्मग्रंथों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जिन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और समता का परिचय दिया। उन्होंने अपने दुःखों को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, बल्कि उन्हें आत्मविकास का माध्यम बनाया। यही कारण है कि वे आज भी आदर्श के रूप में स्मरण किए जाते हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि दुःख स्थायी नहीं होते, वे भी समय के साथ समाप्त हो जाते हैं। इसलिए हमें उनसे घबराने के बजाय उनका सामना करना चाहिए। जीवन में असफलता और कठिनाई का आना भी उतना ही आवश्यक है जितना सफलता का। यदि जीवन में केवल सुख ही सुख हो, तो उसका कोई विशेष महत्व नहीं रह जाता। दुःख ही वह भूमि है, जहाँ से सुख के पुष्प खिलते हैं। जैसे कीचड़ में कमल खिलता है, उसी प्रकार दुःख की परिस्थितियाँ ही हमें मजबूत बनाती हैं और सफलता का वास्तविक मूल्य समझाती हैं। इसलिए हमें दुःख को शत्रु नहीं, बल्कि मित्र की तरह स्वीकार करना चाहिए, जो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

समत्व भाव का अर्थ है, हर परिस्थिति में संतुलित रहना। जब हम सुख में अत्यधिक उत्साहित नहीं होते और दुःख में अत्यधिक विचलित नहीं होते, तब हम समत्व की अवस्था में पहुँचते हैं। यह अवस्था हमें आंतरिक शांति प्रदान करती है और हमें स्थिर बनाती है। समत्व का अभ्यास करने से हम जीवन के उतार-चढ़ाव को सहजता से स्वीकार कर पाते हैं।

दृष्टिकोण का परिवर्तन भी जीवन को बदल सकता है। जब हम अपनी सोच को सकारात्मक बनाते हैं, तो वही परिस्थितियाँ, जो पहले हमें दुःखद लगती थीं, अब हमें अवसर के रूप में दिखाई देने लगती हैं। यदि हम हर घटना में कुछ अच्छा खोजने का प्रयास करें, तो हमें जीवन में निराशा का अनुभव नहीं होगा। यह दृष्टि हमें भीतर से मजबूत बनाती है और हमें आत्मविश्वास से भर देती है।

एक प्रेरणादायक तथ्य यह भी है कि समय हर घाव को भर देता है। चाहे दुःख कितना भी बड़ा क्यों न हो, समय के साथ उसकी तीव्रता कम हो जाती है। यदि हम धैर्य बनाए रखें और अपने मन को सकारात्मक कार्यों में लगाएँ, तो हम धीरे-धीरे उस दुःख से बाहर निकल सकते हैं। इसलिए कठिन समय में धैर्य रखना अत्यंत आवश्यक है। जीवन का वास्तविक आनंद तभी प्राप्त होता है, जब हम उसे पूरे उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीते हैं। यदि हम हर छोटी-बड़ी बात पर निराश हो जाएँ, तो हम जीवन की सुंदरता को महसूस ही नहीं कर पाएँगे। इसके विपरीत यदि हम हर परिस्थिति में मुस्कराने का प्रयास करें, तो जीवन हमें अधिक सरल और सुखद प्रतीत होगा।

अंततः यही कहा जा सकता है कि दुःख और सुख दोनों ही जीवन के शिक्षक हैं। दुःख हमें सहनशीलता, धैर्य और आत्मबल सिखाता है, जबकि सुख हमें संतोष और प्रसन्नता का अनुभव कराता है। यदि हम दोनों को समान भाव से स्वीकार कर लें, तो हम जीवन के वास्तविक आनंद को प्राप्त कर सकते हैं। मुस्कराना केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक कला है, जिसे अपनाकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

इसलिए आवश्यक है कि हम हर परिस्थिति में मुस्कराना सीखें, अपने मनोबल को मजबूत रखें और जीवन के हर अनुभव को सीख के रूप में स्वीकार करें। यही जीवन का सच्चा आनंद है और यही सच्ची सफलता भी।

(वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सोचे हुए काम खुद के दम पर पूरे कर सकते हैं। कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और बेहतरीन सुझाव होंगे। अपनी मधुर वाणी और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण सहकर्मियों से काम पूरा करवा लेंगे। आपकी निः श्वार्थ भाव से की गयी मेहनत आज आज रंग लाएगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। कॉलेज में आज आपकी गुड एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। अगर आज लकड़ी का फर्नीचर खरीदने की सोच रहे है तो खरीद लीजिये।। किसी अनुभवी व्यक्ति की राय आपके टूटते रिश्ते को संवार देगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों मे ही दिन व्यतीत हो जाएगा। आज आपका भाग्य आपका साथ देगा कार्य स्थल पर प्रमोशन या प्रशंसा मिलने के आसार हैं, व्यापार में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को मंज़िल मिलेगी। ऑफ़िस में आपका कार्य काबिल-ए- तारीफ़ होगी। आज रुका हुआ पैसा या खोई हुई कीमती वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

**कर्क राशिः** आज आजका दिन आपके लिए शुभ है। आज किये गये कार्यों के दूरगामी परिणाम होंगे। आज आपको ऐसा लगेगा जैसे सब कुछ आपके मन मुताबिक हो रहा इस कारण मन प्रसन्नचित्त हो जायेगा। आज ब्यर्थ के चर्चा में पड़ने से दूर रहे ,अन्यथा आपका कीमती वक्त जाया होगा। आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतें साथ ही गन्तव स्थल पर जाने के लिए समय से पहले निकलने का प्रयास करें।

**सिंह राशिः** आज के दिन आस्था और आध्यत्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर भागवत दर्शन के लिए जा सकते है,इससे पारिवारिक कलेश दूर होगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो कार्य अवश्य ही सफल हो जायेगा। पारिवारिक निर्णय लेते समय बड़े बुजुर्ग की सलाह आपके लिए काफी मददगार साबित होगी। बिजनेसमैन को नया काम स्टार्टअप करने के लिए आज का दिन शुभ है यह आने वाले समय में अधिक फायदा कराएगा।

**कन्या राशिः** इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। प्रतियोगी छात्रों को कम्पटेटिव एग्जाम में सफल होने के शुभ समाचार मिल सकते है। काम में प्रेसर के चलते आज आपको अधिक भाग – दौड़ करनी पड़ सकती है। आर्थिक स्थिति में बदलाव के शुभ संकेत है रहेगा। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा ठीक रहेगा। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है साथ ही किसी नये प्रोजेक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है।

**तुला राशिः**आज काम के प्रति आपकी एकाग्रता बढ़ेगी। किसी जरूरी काम को प्री-प्लानिंग करके करेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा। परिवार में आज किसी सदस्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा कि आज आप गुस्से पर कंट्रोल रखें। इस राशि के आविवाहित लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्त रहने वाला है। आज आपको सोसाईटी के किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आज नए लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। किसी बहुत उपयोगी व्यक्ति से मुलाकात होगी साथ उसकी सलाह आपको सकारात्मक नजरिया देगी।

**धनु राशिः** आज के दिन आप किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें। आज आप आज ऑफिस के जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो सकारात्मक तरीके से पूरे होंगे। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा साथ ही सहकर्मी काम निकलवाने के लिए आपको प्रलोभन दे सकते हैं।

**मकर राशिः** आज के दिन आपको काफी एक्टिव और एनर्जेटिक रहेंगे। आपकी कर्ताव्यशीलता के कारण आज आपको ऑफिस में काफी देर तक काम करना पड़े। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट अपनाने से बचें। हो सकता कार्य में थोडा विलम्ब हो लेकिन पूरे परफेक्शन के साथ पूर्ण अवश्य होगा।

**कुम्भ राशिः** आज किसी धार्मिक कार्य में सहयोग करने से नौकरी में तरक्की होगी। ऑफिस में हर काम बारीकी से निपटाने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे कुछ सीख सकते हैं ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं।

**मीन राशिः** आज आपने आपको भाग्यशाली महसूस करेंगे। आपको आज पैतृक जिम्मेदारी सौंपीं जा सकती है। बिजनेस के सिलसिले में आज विदेश यात्रा करनी पड़ेगी। घूमने-फिरने और मनोरंजन में समय बीतेगा। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। छोटे भाई बहनों की ओर से आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं उनके साथ आपके रिश्तों में भी मधुरता आयेगी।

# आओ छल कपट और पापों से दूर रहकर सफ़ल जीवन जीने की प्रथा को प्रोत्साहित करें

**सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर इस सृष्टि में मानवीय जीव का उदय कब हुआ? शायद हम इस प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ होंगे, परंतु मेरा मानना है कि जिस तरह अनेकों पीढ़ियों से यह प्रवाह चलते आ रहा है और हमें भी हमारे बड़े बुजुर्गों, पूर्वजों से यह शब्द कहते सुनते आए हैं कि अभी कलयुग का जमाना आ गया है, पहले सतयुग था जहां सभी जीव सुखी सर्वसंपन्न थे, पुण्य ही पुण्य था, पाप का नामोनिशान ही नहीं था। परंतु आज कलयुग में पापों का बवंडर आ गया है, ऐसी अनेकों प्रकार की बातें हम अभी भी अपने बड़े बुजुर्गों से सुनते हैं। हालांकि उन्होंने भी उनका कुछ हिस्सा ही भोगा होगा और बाकी अपने पूर्वजों से सुना होगा, इस प्रकार एक दूसरे से इस तरह पीढ़ी दर पीढ़ी यह दास्तां चली आ रही है।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हम अगर आज की स्थिति देखें तो वास्तव में पुण्य ऊपर पापों की भरमार हमें अधिक मिलेगी। शायद इसीलिए ही इस युग को कलयुग का नाम दिया गया है, क्योंकि आज की स्थितियों परिस्थितियों में पुण्य की अपेक्षा पापों की संख्या अधिक दिखती है। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, छल कपट पाप न कर बंदिया क्योंकि उनकी बुरीगत दुर्दशा दुखों के रूप में ब्याज सहित फ़ल उनके जीवनकाल में ही उन्हें वापस ज़रूर मिलता है।

साथियों बात अगर हम अपने व्यक्तिगत जीवन में झांक कर देखें तो हमारी आंख में कभी कोई तिनका या पैर में कांटा घुस जाता है, तो हमें कितनी तकलीफ झेलनी पड़ती है हम असहाय को उड़ते हैं,कभी-कभी मर्ग इतना बढ़ जाता है कि ऑपरेशन की स्थिति भी आती है इससे कहीं बढ़कर असहाय होकर आंख या पैर निष्क्रिय होने की भी संभावना हो जाती है। उसी तरह दबी हुई कपास में अगर आग लगे तो विभिशक्ता का अंदाजा लगा सकते हैं। अब हम इसका संज्ञान पाप की सजा को लेकर करेंगे तो फिर सिहर उठेंगे क्योंकि पाप करने वालों को उनकी बुरीगत दुर्दशा और दुखों के रूप में उन्हें इसी जीवनकाल में ब्याज सहित फल के रूप में जरूर वापिस मिलता है,जिसका मैंने खुदने ऐसे कई उदाहरण अपने शहर और बाहर में देखे हैं, इसलिए हमें इस बात को रेखांकित करने की ज़रूरत है कि जहां तक हो सके छल कपट और पापों से दूर रहकर सफ़ल जीवन जीने की प्रथा को प्रोत्साहित करें, पापों की व्याख्या हम नीचे के पैराग्राफ में अनेक सज्जनों की सोच को रेखांकित कर बता रहे हैं।

साथियों बात अगर हम पापों की परिभाषा की करें तो वह विस्तृत रूप में है, परंतु फ़िर भी कुछ ज्ञात गतिविधियां इस प्रकार है, पाप सबसे पहले मनुष्य की दृष्टि से प्रवेश करता है तत्पश्चात विचारों को मलिन करता है और उसके बाद चरित्र को दूषित कर देता है। पाप वह कृत्य हैं, जो हमे रोगी बनाते हैं, हमें दुख देते हैं, पीड़ा देते हैं, हमे या हमारे प्रियजनों को हिंसा का शिकार बनाते हैं, जैसेःआत्म-हिंसा, आत्म-हत्या की सोच हत्या, बलात्कार, अपहरण, चोरी, लूट, बेइज्जती मानसिक/शारीरक रोग,कष्टपूर्ण मृत्यु असहाय, भय-युक्त जीवन असुर/ अमोक्ष मार्ग नशा करना, पर जीवों पर हिंसा मांसाहार, मार-पीट करना तामसिक आहार, गुरुओं, मिडिया के झूठ फ़रेब, मक्कारी पर विशवास फिजूल में भय करना राग, द्वेष, ईर्षा, क्रोध, अहंकार धन-पद-काम-मान का लोभरिश्वत लेना धोखा देना, अन्याय सहन करना गुलामी, किसी दीन दुखिया का दिल दुखाना पाप है, किसी ब्राह्मण का उपहास करना पाप है, अपने माता पिता को तकलीफ़ देना या अत्याचार करना पाप है, किसी बेजुबान जानवर को मारना पाप है ,छल, कपट करना ये पाप है। अबला नारी या अबोध बालक की हत्या करना पाप है,अपने फायदे के लिए देश या परिवार से गद्दारी करना पाप है,ऐसे बहुत सारे काम है जो पापो की श्रेणी में आते है।कर्म अच्छा करना चाहिए जिससे हमारे ना रहने से लोगो को हमारी कमी महसुस हो और दूसरो के लिए एक प्रेरणा बन सको। साथियों इंसान दो चीज़ो से बना है एक जिस्म और दूसरा आत्मा यानी रूह। रूह एक ऐसी एनर्जी है जो इंसान को ज़िंदा रखती है जबकि जिस्म एक मोहताज चीज़ है जिसे समय के अनुसार अलग अलग चीज़ों की ज़रूरत पड़ती है। इंसानी जिस्म में नफ़्स( इच्छा) पाई जाती है।इंसान पर शैतान पाप करने का वसवसा डालता है, तो नफ्स उस पाप की तरफ इंसान को धकेलता है जिस वजह से इंसान पाप करने लगता है।जिसको अपनी नफ्स(इच्छा) पर कंट्रोल हो जाए वो पाप की बजाए नेक काम करने लगता है।पाप कुछ और नहीं बल्कि ये है कि हमारे किसी काम से हमको ही या किसी को नुकसान पहुंचे, किसी के बहुत ही नेक विचार हैं साथियों बात अगर हम खुद की करनी से संज्ञान लेकर ख़ुद पाप की व्याख्या करें तो, अपने द्वारा किये कर्म को ना पहचाना। अर्थात कुछ करना भी गलत है ओर ना करना भी गलत है। केवल सही जानकर करना ही सही है। जैसे किसान जो बोने की सोचेगा फिर वही कर्म करेगा यानी बीज बोएगा ओर उसे वही प्राप्त होगा। ऐसा नहीं है कि बोया बेर ओर कुछ समय बाद आम प्राप्त करने की सोचे। ऐसा मात्र सोचने से नया कर्म बन जाता है ओर पिछला जो प्राप्त होगा वह भी सुख नहीं देगा। जैसे कोई सोचता है ये कर्म वर्म कुछ नहीं होता मनुष्य जीवन मिला है जो चाहे वो करो। वो अज्ञानता में जो चाहे बोता जा रहा है। ओर उसको वही मिलेगा जो स्वयं उसने बोया है चाहे कितना भी उछलकूद कर ले। इसे ही किस्मत कहते हैं। इसे कोई बदल या मिला नहीं सकता। अन्य योनी भोग जुनी होती है वहां कर्म नहीं बनते। केवल मनुष्य योनी कर्म योनी है। इस योनी में हम अपनी किस्मत खुद लिखते हैं। इसलिए हम स्वयं ईश्वर है किसी का कोई ईटंरफेयर नहीं। हमारी छट्टी यानी छ दिन होते ही हमारी सुरति संसार में लग जाती है और हमको सठियाते ही हमारे कर्म स्टैंड बाई मोड में आ जाते हैं। अर्थात बीच का समय हमारा अपनी किस्मत लिखने का होता है। ये मनुष्य जन्म हमको इतनी आसानी से नहीं मिला हुआ है इतना आसान हमको केवल अहंकार व माया के द्वारा लग रहा है। जब ये चीजें हमसे दूर हो जाएगीं तो हमको ऐहसास होगा। जब हम स्टैडबाई मोड में होगें। तब ततक हम अपनी किस्मत /पटकथा लिख चुके होगें। उसी टाईम से हमको वही मिलना शुरू हो जाएगा जो हमने बोया है। पहले हमको सही मिलेगा फिर भी धीरे धीरे धीरे पतन होता चला जाएगा। जो कर्म शेष रहेगें वो हमारी अगली योनी तय करेगें जिसमे हम यह कर्म भोग सके। अब हम भगवान् पर दोष लगाकर ओर दण्ड के कर्म न बनाएं। ये सृष्टि का एटोमैटीक सिस्टम है जो अटल है। तन्त्र मन्त्र पाठ पुजा योग ध्यान शब्द ज्ञान सब समझने के लिए होते हैं। पाखडं करने के लिए नहीं। क्योंकि बनाने वाले से हम कभी बड़े व बुद्धिमान नहीं हो सकते। ऐसा सोचना हमारा मात्र भ्रम होगा। जब तक जवान है तब तक भ्रम होगा। यह किसी के सराहनीय विचार हैं। साथियों बात अगर हम पाप की व्याख्या अपने धर्म या कर्तव्यों से जोड़कर करें तो, मेरे विचार में धर्म से आशय है हमारा कर्तव्य।उदाहरण के तौर पर एक पिता का अपनी बेटी के प्रति कर्तव्य, पुत्र का माता-पिता के प्रति कर्तव्य, पति-पत्नी का एक दूसरे के प्रति कर्तव्य, एक शिक्षक का अपने विधार्थियों के प्रति कर्तव्य, एक नागरिक का अपने देश के प्रति कर्तव्य, एक पीएम का अपने राष्ट्र और जनता के प्रति कर्तव्य, एक सैनिक का अपने देश के प्रति कर्तव्य, एक इंसान का दूसरे इंसान व पेड़ पौधों तथा प्रकृति के प्रति कर्तव्य, एक कामगार का अपने काम के प्रति कर्तव्य, एक विद्यार्थी का अपने विद्यार्जन, गुरुजनों और विद्यालय के प्रति कर्तव्य आदि। ये तो बात हो गई धर्म की, अब पाप या अधर्म की बात करते हैं, पाप/अधर्म समस्त ऐसे कृत्य हैं, जो हम अपने धर्म के विरुद्ध करते हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# दिल्ली को जीत दिलाने अक्षर पटेल को निरंतरता लानी होगी : इरफान पठान

एजेंसी, नई दिल्ली



पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर ऑलराउंडर और कप्तान अक्षर पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और अगर उन्हें अपनी टीम को जीत दिलानी है तो इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पठान के अनुसार पिछले सत्र में अक्षर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। पठान ने बताया है कि हाल के दिनों में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चिंता टीम के खिलाड़ियों का कमजोर प्रदर्शन रहा है। पठान ने किहा कि अक्षर पिछले सत्र के 12 मैचों में केवल 5 विकेट ले पाये और अन्होंने 263 रन बनाए। पठान ने कहा, पिछले साल अक्षर की गेंदबाजी में धार नहीं दिखी थी।

उनका आत्मविश्वास हालांकि कप्तान बनने के बाद बढ़ा होगा पर अगर वह अपनी तरफ से नियमित रूप से विकेट लेते हैं, तो उनकी टीम हावी हो जाएगी क्योंकि उनकी टीम के पास कुलदीप यादव जैसा विकेट लेने वाला गेंदबाज है। इसके अलावा विपराज निगम जैसे उभारत हुआ खिलाड़ी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कहा, आपको अक्षर और कुलदीप जैसी स्पिन-गेंदबाजी की जोड़ी कहीं और देखने को नहीं मिलेगी। आपको इसमें विपराज का नाम भी जोड़ना होगा। विपराज के साथ उनके पास दो ऐसे अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो विश्व कप जीते हैं। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों वाला ऐसा अनुभव आपको हर जगह नहीं मिलता। दिल्ली के लिए ये सकारात्मक बात है। कैपिटल्स ने पिछले सत्र की शुरुआत काफी अच्छी करते हुए लगातार चार मैच जीते थे। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स , सनराइजर्स हैदराबाद , चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी को हराया था पर उसके बाद मुंबई इंडियंस से हार गए और इससे टीम ने अपनी लय गंवा दी थी। यह टीम अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ तीन ही जीत पाई और अंक तालिका में 5 स्थान पर रही। अब इस सत्र में टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। उसे अपना पहला मुकाबला 1 अप्रैल को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलना है। दिल्ली का लक्ष्य इस मैच को जीतकर अच्छी शुरुआत करना रहेगा।

## आईपीएल में आज होगा लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

एजेंसी, लखनऊ

यहां के इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। सुपरजायंटस के लिए सकारात्मक बात ये रहेगी कि उसे घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। सुपरजायंटस की कप्तानी जहां ऋषभ पंत के पास है, वहीं दिल्ली की कमान अक्षर पटेल संभालेंगे। ऋषभ इस लीग में बेहतर बल्लेबाजी कर अपनी फिटनेस और फार्म हासिल करने का प्रयास करेंगे। वहीं अक्षर का प्रयास भी अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना है।





इन दोनो ही टीमों का प्रदर्षन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था। पिछली बार दोनों ही टीमें प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाय थीं। आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो टीमों के बीच हुए सात मैचों में से दिल्ली ने चार जीते हैं जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं हाल के वर्षों में लखनऊ ने दिल्ली को तीन मैच हराकर दिखाया है कि वह भी बराबरी की दावेदार है। उसने 200 रन से अधिक रन बनाकर दिल्ली को कड़ी टक्कर दी है। ऐमें में अगर कैपिटल्स को इस बार जीत दर्ज करनी है तो उसे अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानना होगा। बेन डकेट के नाम वापस लेने ने उसे झटक लगा है। अब उसकी बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में केएल राहुल और पथुम निसांका के अलावा पृथ्वी शॉ पर आधारित रहेगी। वहीं मध्यक्रम में टीम के पास ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के फिट नहीं होने से टीम की गेंदबाजी की जिम्मेदारी लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव और आकिब नबी पर रहेगी। कप्तान अक्षर पर बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में में भी टीम की ओर से अधिक से अधिक योगदान देने की जिम्मेदारी रहेगी। टीम 2008 से ही लीग का हिस्सा है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है।

## फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ले सकते हैं संन्यास

एजेंसी, टोक्यो



जापान ग्रां प्री में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से निराश फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ने कहा है कि वह अब अपने भविष्य को लेकर विचार कर रहे हैं। वर्स्टापेन के अनुसार सारी जिंदगी आप रेस नहीं कर सकते और जीवन में आगे भी काफी कुछ है। इससे माना जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में संन्यास का फैसला कर सकते हैं। इस सत्र के नियमों से भी वह परेशान नजर आये। चार बार के विश्व चैंपियन वर्स्टापेन ने भी मान है कि जापान ग्रां प्री में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सुजुका सर्किट पर 11वें स्थान से शुरुआत करने के बाद वह आठवें स्थान तक ही पहुंच सके। इस सत्र में नियमों और इंजन के ढांचे को लेकर भी वह नाराज दिखे। रेस के दौरान एक ऐसा पल भी देखने को मिला जब उनकी गाड़ी की बैटरी तकरीबन समाप्त हो गई थी और इसी कारण वह पिछड़ गये। वहीं क्वालिफाइंग के बाद वर्स्टापेन ने कहा था कि उन्हें अपने भविष्य को लेकर कई चीजों पर विचार करना है। जब उनसे इस बारे में दोबारा पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि वह फॉर्मूला वन में अपने आगे के रास्ते को लेकर विचार कर रहे हैं। बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री रद्द कर दिए जाने से भी खिलाड़ियों को लंबा ब्रेक मिला है। वर्स्टापेन का कहना है कि वह इसी दौरान आने वाले समय में अपने भविष्य पर फैसला ले सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जिंदगी केवल फॉर्मूला वन तक सीमित नहीं है और आगे कई रास्ते हैं।

## ओवर्टन ने धोनी का रिकार्ड तोड़ा


एजेंसी, गुवाहाटी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे जैमी ओवर्टन ने आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 43 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के साथ ही पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का भी एक रिकार्ड तोड़ दिया। ओवर्टन के कारण ही सीएसके 100 रन से ऊपर पहुंची। टीम के 127 रनों में से 43 रन ओवर्टन ने बनाए और धोनी का आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 38 रनों के स्कोर को रिकार्ड भी तोड़ दिया। धोनी इस मैच में शामिल नहीं थे। वह चोट के कारण शुरुआती मैचों से बाहर हैं। इस मैच में टीम को एक बार फिर धोनी की कमी महसूस की। आईपीएल में सीएसके की ओर से धोनी ने अब तक 6 मैच नहीं खेल पाये हैं और इनमें से पांच मैचों में टीम हार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टीम के लिए कितने जरुरी हैं। जैमी ओवर्टन अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नंबर 8 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभी तक यह रिकॉर्ड धोनी के नाम दर्ज था। धोनी ने साल 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 37 रनों की पारी खेली थी, जबकि अब ओवर्टन ने 43 रन बनाए। इस ऑलराउंडर ने रन आउट होने से पहले 36 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 43 रनों की पारी खेली।

## शुरुआती मैच में मिली हार से निराश नहीं रुतुराज गायकवाड़

एजेंसी, गुवाहाटी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में मिली हार से सबक लेते हुए उनकी टीम वापसी करेगी। रुतुराज ने टीम का बचाव करते हुए कहा है कि सत्र की शुरुआत में गलती होना चल सकता है पर बाद में नहीं। अभी सत्र का पहला ही मैच हुआ है जिसमें मिली हार से टीम को काफी कुछ सीखने को मिला है। इसलिए टीम में पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं है। टीम आने वाले सत्र में प्रदर्शन के लिए तैयार है। वहीं मैच को लेकर उन्होंने कहा, मैं अधिक निराश नहीं हूं। इसका कारण है कि इस मैच की शुरुआत में हालात कठिन थे। हमारे टीम के लिए जोफ्रा आर्चर जैसे गेंदबाज का सामना करना आसान नहीं था। तब स्पिनरों को भी विकेट से सहायाता मिल रही थी जिससे हालात और खराब थे। स्पिनर्स को भी मदद मिल रही थी।" उन्होंने हालांकि माना कि टीम बाद में बेहतर बल्लेबाजी कर सकती थी पर असफल रही। उन्होंने कहा कि हम मैच को अंत तक ले जान चाहते थे। हमारा लक्ष्य 150-160 तक पहुंचना था पर सफल नहीं रहे। उन्होंने माना कि टीम की बल्लेबाज विफल रही। पावरप्ले में टीम ने 41 रनों के अंदर तीन विकेट खो दिये थे जिससे उसपर दबाव आ गया था। पारी में कोई भी साझेदारी 40 रन तक नहीं पहुंच सकी जिससे टीम अच्छा स्कोर नहीं बनाने से हार गयी।



# बिजनेस

## नया आयकर कानून एवं कई बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से होंगे लागू

एजेंसी, नई दिल्ली




जानिए क्या होगा बदलाव

नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ ही एक अप्रैल से देश का आयकर ढांचा भी बड़े बदलावों के दौर में प्रवेश करने जा रहा है। नया आयकर अधिनियम, 2025 बुधवार से लागू हो जाएगा, जो करीब छह दशक पुराने 1961 के कानून की जगह लेगा। इस नए कानून के तहत टैक्स सिस्टम, प्रक्रियाओं और नियमों में कई अहम बदलाव किए गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव वित्तीय वर्ष और निर्धारण वर्ष की जगह एकल 'कर वर्ष' की शुरुआत है, जिससे टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की गई है। आयकर विभाग के मुताबिक नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान 1 अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी।

नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जून से शुरू होगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है। इसके साथ ही समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 फीसदी से बढ़कर 0.05 फीसदी हो जाएगा।

## सर्राफा बाजार में फिसली चांदी, दिन के कारोबार में आई गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज बिना किसी बदलाव के कारोबार शुरू करने वाली हाजिर चांदी की कीमत में दोपहर के वक्त 300 से लेकर 400 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई इस कमजोरी के बाद देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में आज दोपहर एक बजे चांदी 2,44,400 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 2,55,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही थी। दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 300 रुपये प्रति किलोग्राम फिसल कर 2,44,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में चांदी 300 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट के साथ 2,44,400 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 2,44,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।




वहीं बेंगलुरु में चांदी 400 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती होकर 2,44,900 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 300 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट के साथ 2,44,500 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसके अलावा हैदराबाद में चांदी 400 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी के साथ 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश में चांदी की सबसे अधिक कीमत चेन्नई में है, जहां ये चमकीली धातु आज 300 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती होकर 2,55,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से चांदी की इंडस्ट्रियल डिमांड में काफी गिरावट आ गई है। जनवरी के महीने तक इंडस्ट्रियल डिमांड में तेजी आने के कारण लंदन सिल्वर मार्केट में डिमांड की तुलना में सप्लाई नहीं हो पा रही थी, जिसकी वजह से चांदी के भाव चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए थे। दूसरी ओर, फिलहाल इंडस्ट्रियल डिमांड में कमी आने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की उपलब्धता बढ़ गई है। इसकी वजह से चांदी अपने ऑल टाइम हाई से डेढ़ लाख रुपये प्रति किलोग्राम से भी ज्यादा लुढ़क गई है। मयंक मोहन का मानना है कि कीमत में आई गिरावट के बावजूद अभी छोटे निवेशकों को संभल कर अपनी निवेश योजना बनानी चाहिए, अन्यथा उन्हें बड़े नुकसान का भी सामना करना पड़ सकता है।

## महावीर जयंती पर आज स्टॉक मार्केट में छुट्टी, कमोडिटी मार्केट में शाम के सत्र में होगा कारोबार

एजेंसी, नई दिल्ली

आज श्री महावीर जयंती की छुट्टी होने की वजह से घरेलू शेयर बाजार में कोई कारोबार नहीं हो रहा है। शेयर बाजार की तरह ही कमोडिटी मार्केट में भी आज दिन के ट्रेडिंग सेशन यानी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक श्री महावीर जयंती की छुट्टी रहेगी। हालांकि शाम के सत्र में यानी शाम पांच बजे से रात 11:55 बजे तक कमोडिटी मार्केट में सामान्य कारोबार होगा। इस सप्ताह आज के बाद शुक्रवार यानी तीन अप्रैल को गुड फ्राइडे की वजह से शेयर बाजार में छुट्टी रहेगी। इस तरह मौजूदा सप्ताह में सिर्फ तीन दिन ही शेयर बाजार में कारोबार होने वाला है। इनमें कल यानी सोमवार को एक दिन का कारोबार हो चुका है, जबकि बुधवार और गुरुवार को कारोबार होना बाकी है। इसके पहले शुक्रवार यानी 27 मार्च को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान भी घरेलू शेयर बाजार में रामनवमी की छुट्टी के कारण सिर्फ चार दिन ही कारोबार हुआ था। स्टॉक मार्केट द्वारा जारी हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार साल 2026 में जनवरी से लेकर दिसंबर तक शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टियों के अलावा कुल 16 दिन छुट्टी की घोषणा की गई है। पूरे साल के दौरान सबसे अधिक छुट्टी मार्च के महीने में दी गई है। मार्च के महीने में तीन मार्च को होली की छुट्टी थी, जबकि 26 मार्च को रामनवमी की छुट्टी थी। इसके बाद मार्च के आखिरी दिन यानी आज श्री महावीर जयंती के कारण स्टॉक मार्केट में छुट्टी है।



मार्च के बाद 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे की छुट्टी रहेगी, जबकि 14 अप्रैल को डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जयंती के कारण स्टॉक मार्केट बंद रहेगा। इसी तरह एक मई को महाराष्ट्र दिवस के कारण स्टॉक मार्केट में कोई कारोबार नहीं होगा, जबकि 28 मई को स्टॉक मार्केट में बकरीद की छुट्टी रहेगी।

## एनसीएल ने समय से पहले 140 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य किया हासिल

एजेंसी, नई दिल्ली

सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 140 मिलियन टन(एमटी) का वार्षिक कोयला उत्पादन का लक्ष्य समय से पहले हासिल कर लिया है। कंपनी ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती देते हुए लगातार अपनी शानदार प्रदर्शन विरासत को बरकरार रखा है।

कोयला मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की प्रमुख सहायक कंपनी एनसीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 140 मिलियन टन कोयला उत्पादन के अपने वार्षिक लक्ष्य को समय से पहले 30 मार्च (पहली पाली के बाद) को ही हासिल कर लिया। कंपनी ने अपनी 10 अत्याधुनिक मशीनीकृत खुली खदानों के साथ एनसीएल ने पिछले एक दशक से लगातार अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने की अपनी विरासत को बनाए रखा है, जो इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख सहायक कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड देश की ऊर्जा सुरक्षा को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरी है। वर्तमान ऊर्जा परिदृश्य में घरेलू रूप से उत्पादित कोयले ने एक बार फिर देश के विद्युत क्षेत्र की विश्वसनीय आधारशिला के रूप में स्वयं को सिद्ध किया है। इस संदर्भ में एनसीएल का निरंतर और बढ़ा हुआ उत्पादन ताप विद्युत संयंत्रों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

## सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,36,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार कै दौरान दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार के भाव पर यानी 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,48,420 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,36,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,48,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,35,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,48,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,35,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।



# बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्देशक सुभाष घई अब एनीमेशन की दुनिया में बढाएंगे कदम

स बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्देशक सुभाष घई अब एनीमेशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे है। इसके लिए उनकी कंपनी मुक्ता आर्ट लिमिटेड ने ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्रायवेट लिमिटेड के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस कार्य के लिए मुक्ता आर्ट्स की नई डिवीजन एसजीएम स्टूडियो स्थापित की गई है, जो ग्रीन गोल्ड के साथ मिलकर एनीमेशन फिल्में और वेब सीरीज का निर्माण करेगी। इस पहल को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। सुभाष घई ने इस नई शुरुआत की जानकारी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए दी, जहां उन्होंने एसजीएम स्टूडियो का लोगो साझा करते हुए कहा कि उनकी कंपनी अब वैश्विक दर्शकों के लिए एनीमेशन कंटेंट तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय कहानियों और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।




घई के अनुसार, एनीमेशन एक ऐसा माध्यम है जो बच्चों और परिवारों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और इसके जरिए भारतीय कहानियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। ग्रीन गोल्ड एनीमेशन के साथ साझेदारी को लेकर घई ने विशेष उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी पहले ही छोटा भीम जैसे लोकप्रिय शो के जरिए अपनी क्षमता साबित कर चुकी है। इस प्रोजेक्ट में ग्रीन गोल्ड के प्रमुख राजीव छिलाका की अहम भूमिका होगी, जिनके अनुभव से इस सहयोग को मजबूती मिलने की उम्मीद है। घई का मानना है कि 'छोटा भीम' और 'नरसिम्हा' जैसे प्रोजेक्ट्स की सफलता भारतीय एनीमेशन इंडस्ट्री के उज्ज्वल भविष्य का संकेत देती है। सुभाष घई पहले भी कई नए कलाकारों और तकनीकों को प्रोत्साहित करते रहे हैं, और अब वह एनीमेशन के जरिए अपनी रचनात्मकता को नए आयाम देने की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने पहले एक कार्यक्रम में यह संकेत भी दिया था कि वह अपनी क्लासिक फिल्म कालीचरण को एनीमेशन के रूप में पेश करना चाहते हैं। उनका कहना है कि फिल्म की मूल कहानी को बरकरार रखते हुए इसे नए अंदाज और तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि यह आज की युवा पीढ़ी को भी आकर्षित कर सके। यह साझेदारी न केवल सुभाष घई के करियर में एक नया अध्याय जोड़ती है, बल्कि भारतीय एनीमेशन इंडस्ट्री के विकास को भी नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

# जैकी श्राफ ने 'एक और एक ग्यारह' की यादें की ताजा



बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्राफ ने फिल्म से जुड़ी यादों को एक बार फिर ताजा किया। लोकप्रिय एक्शन-कॉमेडी फिल्म एक और एक ग्यारह ने रिलीज के 23 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर जैकी दादा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें फिल्म के कई पुराने और यादगार दृश्य शामिल थे। इसके साथ उन्होंने लिखा कि इस फिल्म को 23 साल पूरे हो गए हैं। डेविड धवन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त और गोविंदा की जोड़ी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री और कॉमिक टाइमिंग को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म में जैकी श्रॉफ ने मेजर राम सिंह का किरदार निभाया था, जो भले ही सहायक भूमिका थी, लेकिन काफी प्रभावशाली साबित हुई। इसके अलावा अम्रता अरोरा, नंदिनी सिंह, गुलशन ग्रोवर और राजपाल यादव भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म को मुक्ता आर्टस लिमिटेड के बैनर तले रिलीज किया गया था और इसकी कहानी दो ठगों तारा और सितारा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें गोविंदा और संजय दत्त ने निभाया था। कहानी में दोनों किरदार गलती से एक खतरनाक अपराधी कोबरा, जिसका रोल आशीष विदयार्थी ने निभाया था, को पुलिस के हवाले कर देते हैं, जिसके बाद घटनाओं की मजेदार और रोमांचक श्रृंखला शुरू होती है। फिल्म का संगीत शंकर-एहसान-लाय ने तैयार किया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। 'ओ दुश्मना', 'बेईमान मोहब्बत' और टाइटल ट्रैक 'एक और एक ग्यारह' जैसे गाने आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। खासकर टाइटल सॉन्ग ने दर्शकों के दिलों में अलग जगह बनाई थी। कॉमेडी, एक्शन और स्टारकास्ट के दम पर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी सफलता हासिल की थी।

# 71 की उम्र में भी खुद को 'सेक्सी एलिगेंट' महसूस करते हैं अनुपम खेर

71 साल की उम्र में भी बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर न सिर्फ एक्टिंग में सक्रिय हैं, बल्कि अपने स्टाइल और व्यक्तित्व से भी चर्चा में बने रहते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह रेड कलर के फॉर्मल आउटफिट में बेहद स्टाइलिश नजर आए।



इन तस्वीरों के साथ अनुपम खेर ने मजाकिया लेकिन आत्मविश्वास से भरा संदेश भी साझा किया। उन्होंने फॉर्मल वियर ब्रांड्स को खुला ऑफर देते हुए कहा कि वह मॉडलिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अपने सफर को याद करते हुए लिखा कि वह एक साधारण परिवार से आते हैं, जहां एक अच्छी शर्ट होना भी कभी लग्जरी जैसा लगता था। ऐसे में आज खुद को इस अंदाज में देखना उनके लिए खास अनुभव है। अनुपम ने आगे कहा कि अब जब वह अपनी फॉर्मल तस्वीरों को देखते हैं, तो उन्हें महसूस होता है कि उन्होंने खुद को समय के साथ बेहतर तरीके से निखारा है। उन्होंने यह भी लिखा कि 71 की उम्र में वह खुद को 'सेक्सी, एलिगेंट और कंफर्टेबल' महसूस करते हैं, और उनके अनुसार यही सबसे बेहतरीन आउटफिट है जिसे कोई भी पहन सकता है। उनका यह अंदाज दर्शाता है कि आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच उम्र की सीमाओं से कहीं आगे होती है। अपने खास ह्यूमर के साथ उन्होंने ब्रांड्स को संदेश देते हुए कहा कि अगर कोई कंपनी 71 साल के 'युवा' मॉडल की तलाश में है, जो अनुभव, आत्मविश्वास और थोड़ा स्वैग लेकर आए, तो वह इसके लिए उपलब्ध हैं। उनका यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और लोग उनके आत्मविश्वास की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुपम खेर जल्द ही खोसला का घोसला 2 में नजर आएंगे।

# इवेंट में कृति सेनन के बोल्ड अंदाज ने खींचा सबका ध्यान



बॉ बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पुन: अपने स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री का अंदाज पिंकविला स्क्रीन एंड स्टाइल अवार्डस 2026 के रेड कार्पेट पर इस बार पहले से ज्यादा बोल्ड नजर आया। उनकी एंट्री ने साफ कर दिया कि अब वह फैशन के मामले में नए प्रयोग करने से बिल्कुल नहीं हिचकतीं। उनका पूरा लुक सादगी और ग्लैमर का शानदार मिश्रण था, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस खास मौके पर कृति ने मशहूर डिजाइनर नैंसी डोजाका की डिजाइन की हुई एमराल्ड ग्रीन गाउन पहनी थी, जो बेहद आकर्षक और यूनिक नजर आ रही थी। गाउन का सॉफ्ट और हल्का शाइनी फैब्रिक लाइट में खूबसूरत चमक दे रहा था, जिससे उनका लुक और भी रिच लग रहा था। गहरे हरे रंग की वजह से यह आउटफिट रेड कार्पेट पर तुरंत अलग दिखाई दिया और उनकी पर्सनैलिटी को और निखार गया। डिजाइन में मॉडर्न और एलिगेंस का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला। इस गाउन की खासियत इसके डिटेलिंग में छिपी थी। पतली स्ट्रैप्स और बीच में दिया गया स्टाइलिश कट-आउट इसे हल्का बोल्ड टच देता है, जबकि इसकी फिटिंग और फ्लोइंग स्टाइल इसे क्लासी बनाए रखते हैं। कमर पर फिट और नीचे की ओर फ्लो करता डिजाइन उनके फिगर को बेहद खूबसूरती से हाइलाइट कर रहा था। यह लुक इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे एक आउटफिट में बोल्डनेस और एलिगेंस दोनों को साथ रखा जा सकता है। स्टाइलिंग की बात करें तो कृति ने अपने लुक को ज्यादा ओवरडन नहीं किया। हल्के नेकलेस और स्टाइलिश रिंग्स के साथ उन्होंने ज्वेलरी को मिनिमल रखा, जिससे गाउन ही मुख्य आकर्षण बना रहा। सॉफ्ट वेव्स हेयरस्टाइल और नैचुरल ग्लो मेकअप ने उनके पूरे लुक को फ्रेश और एलिगेंट टच दिया। सबसे खास बात यह रही कि कृति ने इस आउटफिट को पूरे आत्मविश्वास के साथ कैरी किया। उनका एटीट्यूड और प्रेजेंस इस लुक को और भी खास बना रहा था।




# फिल्म निर्माण की इच्छा भी उनके भीतर हमेशा रही

बॉ बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकारों ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सिनेमा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। बॉलीवुड अभिनेता बोमन इरानी ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि अभिनय के साथ-साथ फिल्म निर्माण की इच्छा भी उनके भीतर हमेशा रही है।

उन्होंने कहा कि फिल्मों में काम करने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि उन्हें अपनी खुद की फिल्म बनानी चाहिए। उनके पास एक कहानी और एक पन्ने की स्क्रिप्ट थी, लेकिन उसे पूरी फिल्म में बदलना आसान नहीं था। उन्होंने स्वीकार किया कि स्क्रीनप्ले लिखना एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है और इसे पूरा करने के लिए उन्होंने कई सेशंस में हिस्सा लिया। बोमन ईरानी ने यह भी बताया कि कोविड काल के दौरान उन्होंने लेखकों के साथ लगातार बातचीत की और नए लेखकों को मार्गदर्शन दिया। उनका मानना है कि मुंबई के अलावा दिल्ली जैसे शहरों में भी लेखन और फिल्म निर्माण के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए, ताकि नई प्रतिभाओं को अवसर मिल सके। इस मौके पर अभिनेता मनोज वाजपेयी ने दिल्ली में आयोजित इस फिल्म महोत्सव को एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब तक इस तरह के बड़े फिल्म फेस्टिवल मुख्य रूप से गोवा और मुंबई तक सीमित थे, लेकिन दिल्ली में इसका आयोजन होना सिनेमा प्रेमियों के लिए बड़ी बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, ताकि ज्यादा फिल्मों को मंच मिल सके। वहीं, अभिनेता अर्जुन बाजवा ने इस पहल के लिए दिल्ली सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देश में गोवा के अलावा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कोई बड़ा फिल्म महोत्सव नहीं था, ऐसे में दिल्ली में इसकी शुरुआत एक सराहनीय कदम है। यह मंच सिनेमा और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। फिल्म निर्माता निखिल आडवानी ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि देश में जितने अधिक फिल्म महोत्सव होंगे, उतना ही सिनेमा को बढ़ावा मिलेगा।



# 'राम' के किरदार की अगली झलक जारी होगी 2 अप्रैल को



बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण में रणबीर कपूर को भगवान राम के रूप में देखने का इंतजार कर रहे फैंस के लिए अब एक बड़ी खबर सामने आई है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में लंबे समय से जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने इस बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक की तारीख का खुलासा कर दिया है। नमित मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म से 'राम' के किरदार की अगली झलक 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर जारी की जाएगी। उन्होंने अपने संदेश में लिखा कि 'रामायण' सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं से जुड़ी हुई है। इसी वजह से पूरी टीम ने इस प्रोजेक्ट पर बेहद जिम्मेदारी और समर्पण के साथ काम किया है, ताकि इसे भव्यता और वास्तविकता के साथ दर्शकों के सामने पेश किया जा सके। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यह झलक किसी साधारण रिलीज की तरह नहीं होगी, बल्कि इसे एक बड़े स्तर पर दुनिया भर के दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने फैंस के धैर्य और विश्वास के लिए उनका धन्यवाद भी किया और कहा कि कई वर्षों की मेहनत को अब एक भव्य लॉन्च के जरिए साझा किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं और इसमें कई बड़े सितारे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। साई पल्लवी सीता के किरदार में दिखाई देंगी, जबकि यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा सनी देओल हनुमान, रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अमिताभ बच्चन और लारा दत्ता भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। मालूम हो कि फिल्म 'रामायण' को बड़े बजट और भव्य स्तर पर तैयार किया जा रहा है, जिससे यह भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बन सकती है।

# महिलाओं के लिए ट्रेंड में हैं ये 5 चश्मे पहनकर हर मौके पर लगेंगी स्टाइलिश

चश्मे न केवल आंखों को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाते हैं, बल्कि स्टाइल का भी अहम हिस्सा रहते हैं। आजकल बाजार में कई तरह के स्टाइलिश और आकर्षक चश्मे उपलब्ध हैं, जो हर महिला के लुक को खास बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसे चश्मों के बारे में बताएंगे, जो इन दिनों सबसे ज्यादा चलन में हैं। ये न केवल फैशनेबल हैं, बल्कि हर कपड़े के साथ शानदार दिख सकते हैं।

**कैट आई फ्रेमः** कैट आई फ्रेम एक ऐसा स्टाइल है, जो हर महिला पर अच्छा लग सकता है। इन फ्रेम वाले चश्मों का डिजाइन बिल्ली की आंखों जैसा होता है, जो आपको एक अलग ही लुक दे सकता है। कैट आई फ्रेम वाले चश्मे को आप किसी भी पोशाक के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। इनका आकर्षण आपके पूरे लुक को खास बना सकता है और ये रोजाना के इस्तेमाल के लिए बढ़िया हैं।

**गोल फ्रेम :** गोल फ्रेम हमेशा चलन में रहने वाला विकल्प है, जो इस साल भी ट्रेंड में है। इस तरह के चश्मे हर चेहरे पर अच्छे लगते हैं और हर मौके पर एक स्मार्ट लुक देते हैं। गोल फ्रेम को आप किसी भी प्रकार के परिधान के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह ऑफिस के कपड़े हों या रोजमर्रा के ही क्यों न हों। इनका सरल डिजाइन ही इन्हें इतना खास बनाता है, जो एक सादगी भरा लुक प्रदान कर सकता है।

**धातु के फ्रेम :** धातु के फ्रेम हल्के होते हैं और इन्हें लंबे समय तक पहनना आरामदायक होता है। ये चश्मे हर प्रकार के कपड़ों के साथ अच्छे लगते हैं और आपको एक पेशेवर लुक दे सकते हैं। इस तरह के चश्मे उन महिलाओं के लिए बढ़िया रहेंगे, जो ज्यादा देर तक चश्मे पहनना पसंद करती हैं। इनका हल्का वजन और आकर्षक डिजाइन इन्हें खास बनाते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं।



**सपाट लेंस वाले चश्मे :** सपाट लेंस वाले चश्मे इस साल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि ये एक अनोखा लुक देते हैं। इनका सपाट डिजाइन चेहरे पर अलग ही छटा बिखेरता है। सपाट लेंस वाले चश्मे को आप किसी भी प्रकार के कपड़ों के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। इनका आकर्षण आपके पूरे लुक को खास बना सकता है और आपको भीड़ से अलग दिखा सकता है। काले सपाट लेंस वाले चश्मे खास तौर से शानदार लगते हैं।

**बड़े आकार के धूप के चश्मे :** बड़े आकार के धूप के चश्मे न केवल आंखों को धूप से बचाते हैं, बल्कि चेहरे को पूरी तरह ढककर एक अलग ही लुक देते हैं। ये चश्मे खासकर गर्मियों में बहुत काम आते हैं, क्योंकि ये पूरे चेहरे को धूप से बचाते हैं। बड़े आकार के धूप के चश्मे को आप किसी भी प्रकार के परिधान के साथ पेयर कर सकती हैं, जिससे आपका स्टाइल और भी खास लगेगा।



# मोहित सूरी की बातें सुन भावुक हुए महेश भट्ट, लिखा ये संदेश

बॉलीवुड के प्रतिष्ठित भट्ट परिवार से ताल्लुक रखने वाले मशहूर निर्देशक मोहित सूरी एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में मोहित सूरी ने अपनी कजिन पूजा भट्ट के पॉडकास्ट में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने अपने जीवन, करियर और निजी अनुभवों पर खुलकर बात की। इस बातचीत में हंसी-मजाक के साथ-साथ कई ऐसे पल भी आए, जिन्होंने भावनात्मक रूप से गहरा असर छोड़ा। इस पूरे पॉडकास्ट को सुनने के बाद दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट खुद को भावुक होने से रोक नहीं पाए। मोहित की इस बातचीत से प्रभावित होकर महेश भट्ट ने उनके नाम एक खास नोट लिखा, जिसे पूजा भट्ट ने अपने सोशल मीडिया पर साझा किया। अपने संदेश में महेश भट्ट ने मोहित की तारीफ करते हुए लिखा कि उनकी बातचीत ने उन्हें भीतर तक छू लिया। उन्होंने कहा कि इस संवाद में जहां एक ओर खुशी, मस्ती और चमक थी, वहीं इसके पीछे छिपा दर्द, यादें और संघर्ष भी साफ झलक रहे थे। महेश भट्ट ने अपने नोट में आगे लिखा कि कुछ भावनाएं ऐसी होती हैं, जिन्हें दिल बिना चाहे भी महसूस कर लेता है। उन्होंने मोहित की अब तक की यात्रा को सराहते हुए कहा कि उन्हें बिना शोर-शराबे के अपनी पहचान बनाते और ऊंचाइयों तक पहुंचते देखना उनके लिए गर्व का विषय है।

## TVK chief Vijay booked for violating election rules day after entering polls



**New Delhi ,Agency:** A case was registered on Tuesday against Tamilaga Vettri Kazhagam (TVK) chief Vijay for violation of election conduct rules at Peravallur Police Station.

According to the complaint filed by Flying Squad Officer Kumar, Vijay allegedly violated the Model Code of Conduct during a public gathering by using around 30 loudspeakers, drawing a crowd of over 5,000 people and causing inconvenience to the public.

The complaint also stated that the gathering led to the obstruction of a public pathway and reportedly blocked the movement of an ambulance, raising concerns over public safety.

Acting on the complaint, the Peravallur police have registered a case under five sections, including charges related to public nuisance, unlawful assembly and obstruction of public ways. The case names Vijay along with nearly 5,000 party workers, according to Media.

## 'Dweep Shakti': Three services conduct amphibious assaults, maritime dominance ops



**New Delhi ,Agency:** In a rare show of seamless synergy, all three services of the armed forces jointly conducted Dweep Shakti, a high-intensity Tri-Service exercise, between March 24 and March 28 to validate integrated capability for rapid response along the coastal and island defence operations.

During the joint exercise, the triservices executed coordinated amphibious assaults, maritime dominance operations and complex beach landing drills.

"In seamless synergy, IndianArmy, IndianNavy and IndianAirForce executed coordinated amphibious assaults, maritime dominance operations and complex beach landing drills employing Next-Generation Equipment and drones, reaffirming precision, jointness and mission-ready interoperability," the Army posted on X. It also shared some photos of the military drill.

The exercise also refined integrated tactics, techniques and procedures, reinforcing the armed forces' growing multi-domain capability and steadfast commitment to securing India's maritime frontiers and island territories, it said.

## India sends 7,000 tonnes diesel to Bangladesh



**New Delhi ,Agency:** Bangladesh is receiving a fresh consignment of 7,000 tonnes of diesel through a pipeline from India's Numaligarh refinery, with energy minister Iqbal Hasan Mahmud Tuku Monday telling Parliament that fuel hoarding - not a supply shortage amid the West Asia crisis - is the bigger concern.

The fuel began arriving through the India-Bangladesh Friendship Pipeline Saturday evening and is expected to be fully delivered by Tuesday. Earlier, 15,000 tonnes were brought via the pipeline, after a 5,000-tonne shipment from March 25, to meet the needs of Bangladesh, heavily dependent on Gulf imports.

Officials said Bangladesh Petroleum Corporation is prioritising pipeline imports alongside sea routes, with supply steady.

## India sends 7,000 tonnes diesel to Bangladesh

**New Delhi ,Agency:** Bangladesh is receiving a fresh consignment of 7,000 tonnes of diesel through a pipeline from India's Numaligarh refinery, with energy minister Iqbal Hasan Mahmud Tuku Monday telling Parliament that fuel hoarding - not a supply shortage amid the West Asia crisis - is the bigger concern.The fuel began arriving through the India-Bangladesh Friendship Pipeline Saturday evening and is expected to be fully delivered by Tuesday.

# Birhor Girl Becomes Nurse with Tata Steel Foundation Support

### First-generation learner from Jharkhand secures job in Bengaluru hospital

**Jamshedpur :** In an inspiring story of determination and transformation, a 21-year-old woman from the Birhor community, one of India's Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs), has successfully built a career in nursing with support from Tata Steel Foundation.

Hailing from Chhota Banki village in East Singhbhum district, Balika Birhor grew up in a financially constrained household where her parents earned a modest income through forest-based activities. Despite limited exposure and opportunities, she pursued education with resilience as a first-generation learner.

A turning point in her journey came when Tata Steel Foundation facilitated her admission to Carmel School, Chakradharpur, where she completed her matriculation with 82% in 2020. She later pursued Intermediate Science from St. Xavier's Inter College, Lupungutu, strengthening her academic foundation.




After facing uncertainty about higher education, Balika received guidance under Project Aakanksha, an initiative focused on educating youth from PVTG communities. Through counselling, career assessments, and family engagement, the programme helped her overcome social and economic barriers.

Further support under Project Samriddhi enabled her to prepare for nursing entrance examinations. She secured admission to the General Nursing and Midwifery (GNM) programme at Narayana Hrudayalaya College of Nursing, Bengaluru. The Foundation also supported her transition, including her first-ever air travel. Balika has now completed her training and secured a position as a staff nurse at Narayana Hrudayalaya Hospital, Bengaluru, with an annual package of 3 lakh. She is set to join in April 2026. Her journey not only reflects personal determination but also highlights the impact of structured institutional support. Balika now aims to serve her community by promoting health awareness and improving living conditions, inspiring others to pursue education and professional careers.

# 15 major terror groups still have safe haven in Pak

**New Delhi ,Agency:** At a time when Pakistan has inserted itself in the West Asia frame and proposed to position itself as a mediator, the latest US congressional research service (CRS) report offers a sharp reality check. It says Pakistan remains a sanctuary for a wide array of terrorist groups despite decades of state-led military offensives and strategic policy shifts.



Despite the 2014 National Action Plan's mandate to dismantle all armed militias, 15 major groups continue to operate across five broad categories - globally oriented, Afghanistan-oriented, India- and Kashmir-oriented, domestically oriented, and sectarian, the report noted.

Twelve of these 15 groups are designated as Foreign Terrorist Organisations (FTOs) under US law, with most animated by extremist ideology.

The report underscores a fundamental failure in dismantling these networks, noting that both US- and UN-designated terrorist organisations continue to operate openly on Pakistani soil. Particular emphasis is placed on India-centric groups like Hizbul Mujahideen and Jaish-e-Muhammed, which maintain active cadres of 1,500 and 500 armed supporters, respectively.

On the regional front, Pakistan remains a base for India-oriented groups like Lashkar-e-Taiba (responsible for the 2008 Mumbai attacks), Jaish and Hizbul, which seek the annexation of Kashmir.

While Islamabad accuses India of backing militants in Balochistan and Khyber Pakhtunkhwa - charges India denies - US officials have conversely linked the Haqqani Network, led by Afghanistan's interior minister Sirajuddin Haqqani, to Pakistan's own intelligence services.

## Centre kept Article 370 plan secret, but NC's Gul knew it all along, says Omar

**SRINAGAR ,Agency:** While the Centre took all by surprise by announcing the abrogation of Article 370 on August 5, 2019, there was one person in J&K who knew it beforehand, CM Omar Abdullah said in the assembly Monday, apologizing to the party chief whip, Mubarak Gul, for not heeding to his foreboding then.



Omar made the statement while speaking on a bill Gul moved to enhance the salary of the chief whip on the lines of other states. While the CM rejected the bill, he praised Gul for political acumen.

He said amid widespread uncertainty in J&K, politicians huddled to debate possible situations on August 3, 2019.

"At that time, Mubarak Gul stood up and thumped the table, telling us that Article 370 and 35A would be abrogated, and J&K would be bifurcated and turned into an UT," National Conference chairperson said, recalling he had dismissed Gul's warning.

"I told him if the Centre had to do it, they would do it around Lok Sabha polls to gain a few seats. Why would they do it four-and-a-half years before the election?" Omar said.

"The meeting ended and we all went home," Omar said, adding, "but on August 5, 2019, when our houses were locked and I saw the news on television, I could only think of Mubarak Gul."

## AIIMS Delhi trained nurse Nisha Mehta appointed as Nepal health minister

**New Delhi ,Agency:** In the wards of AIIMS Delhi, Nisha Mehta trained as a nurse. Today, she stands at the helm of Nepal's healthcare system. An alumna of the institution's College of Nursing (2006-2010), Mehta's appointment as Nepal's health minister is seen as a milestone not just for the facility but for the entire nursing profession.



Those who knew her as a student recall a personality that did not seek attention, but stood out nonetheless.

Dr Latha Venkatesan, principal of her alma mater, said that Mehta was an active and well-rounded student, balancing academics with co-curricular activities while handling responsibilities with ease. She was organised, dependable and had strong interpersonal skills.

Nisha Mehta had a natural ability to coordinate and represent, reflecting leadership qualities even then," Dr Latha Venkatesan, principal of her alma mater, said, though noting that Mehta was not politically active during her student years.

Former institute principal Dr Manju Vatsa remembers the student differently - quieter, reserved, but remarkable.

"Nisha Mehta was a very serious and highly intelligent student, efficient in her work and studies," she said, adding, "Her discipline and focus stood out."

There were no clear signs then that the Nepal health minister had a future in politics. She was not among the outspoken students.

Yet, educators say her journey reflects something deeper - the power of consistency, discipline and professional grounding.

## Census 2027 starts April 1, digital mode means data will be available same year

**New Delhi ,Agency:** A good share of Census 2027 datasets may be released in the same year, thanks to the capturing of data in digital mode right from the outset, Registrar General of India and census commissioner Mritunjay Kumar Narayan assured ahead of the launch of Census 2027, the world's largest and India's first-ever digital population data capture.



"Earlier, census data was first collected on paper and then digitised, making compilation a time-consuming process. Collection of data digitally will ensure Census 2027 datasets are out much faster," he said.

Appealing to citizens to participate wholeheartedly in the census, Narayan asked them to furnish accurate information as census data is key for shaping policy and socio-economic interventions.

1st 15 days of 45-day house visit period are for self-enumeration

Registrar general and census commissioner Mritunjay Kumar Narayan also hoped a good percentage of people will opt for self-enumeration, another first in the history of Indian Census, via the dedicated portal that lists tooltips and FAQs to guide users through the process.

The houselisting operations (HLO) phase of census - which will collect data on housing conditions and amenities - gets under way on April 1 across eight states and UTs, including Delhi's NDMC and cantonment area. All states/UTs, too, barring West Bengal, have chosen separate HLO timelines between April and Sept.

The first 15 days of the 45-day HLO period are exclusively for self-enumeration, another first in the history of the census. Over the next 30 days, field visits will be undertaken by over 30 lakh enumerators.

# Delhi-bound humanitarian aid flight hit in US strike, claims Iran

**New Delhi ,Agency:** A plane was reportedly targeted by a US airstrike as it was flying towards India to collect humanitarian aid. "Mahan Air aircraft was hit by the US in an airstrike at Mashhad Airport. The plane was reportedly scheduled to fly to Delhi for humanitarian aid," said Iran sources, as quoted by Media.




According to reports, the aircraft was expected to arrive in New Delhi in the coming days to transport humanitarian supplies which includes medicines.

This comes weeks after the first shipment sent by India was delivered and received by the Iranian Red Crescent Society earlier this month. The assistance comes as Iran continues to grapple with casualties and pressure on its healthcare system amid the ongoing US-Israel conflict.

Meanwhile, in a symbolic gesture, Iran also launched missiles toward Israel carrying messages of gratitude to those who gave support to Tehran, including one thanking the people of India.

In the overall context of conflict, the Iran-US-Israel war has intensified into a multi-front confrontation, with ongoing strikes, missile attacks and expanding regional fallout even as diplomatic efforts remain uncertain. Iran has denied participating in mediation initiatives, including those proposed by Pakistan, while continuing retaliatory attacks on infrastructure in Israel and Gulf states.

In a recent development, Trump issued fresh warning to Iran, calling to open the Strait of Hormuz.

"The United States of America is in serious discussions with A NEW, AND MORE REASONABLE, REGIME to end our Military Operations in Iran," said Trump on Truth Social.

"Great progress has been made but, if for any reason a deal is not shortly reached, which it probably will be, and if the Hormuz Strait is not immediately 'Open for Business,' we will conclude our lovely 'stay' in Iran by blowing up and completely obliterating all of their Electric Generating Plants, Oil Wells and Kharg Island (and possibly all desalinization plants!), which we have purposefully not yet 'touched.' This will be in retribution for our many soldiers, and others, that Iran has butchered and killed over the old Regime's 47 year 'Reign of Terror,'" he added.

The US and Israel have sustained military pressure on Iranian targets, alongside signals of possible negotiations. The escalating hostilities have also rattled global energy markets, with rising oil prices driven by fears of disruption in the Strait of Hormuz.